पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 14 ◆ रायपुर 20 जनवरी 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

प्रदेश अध्यक्ष बनते ही किरण देव ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश कहा पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा को ही लाना है

## किरण देव फिर बने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने की घोषणा

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन सहित सभी ने दी बधाई

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में किरण सिंह देव निर्वाचित घोषित कर दिए गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में श्री देव को आगामी कार्यकाल के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। कार्यालय परिसर में इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित केंद्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश पदाधिकारियों, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों व कार्यकर्ताओँ की करतल ध्वनि और गगनभेदी नारों के बीच श्री तावड़े ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा की



ओर से पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, परदे प्रभारी नितिन नबीन,पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, उपमुख्यमंत्री अरुण साव,विजय शर्मा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल,संगठन महामंत्री पवन साय सही सभी नेतागण ने श्री देव का अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। प्रदेश



के सभी महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरतलाल वर्मा व रामजी भारती तथा रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश ठाकुर व रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने गजमाला पहना कर स्वागत किया। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री श्री तावड़े ने इस दौरान राष्ट्रीय परिषद के लिए 17 सदस्यों विष्णु देव साय, अरुण साव, विजय



शर्मा ,सुश्री सरोज पांडे,सुश्री लता उसेंडी, तोखन साहू, बृजमोहन अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, संतोष पांडे, विजय बघेल, पुन्नूलाल मोहिले, दयालदास बघेल, केदार कश्यप,श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, खूबचंद पारख, ननकी राम कंवर , देवेंद्र राजा प्रताप सिंह के नाम की घोषणा की। सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव हेतु वोट करेंगे। सर्वप्रथम प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने संगठन चुनाव प्रक्रिया का वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रदेश में संगठन पर्व के दौरान सदस्यता अभियान में 60 लाख सदस्यता का लक्ष्य अर्जित किया गया और प्रदेश में 71 हजार सक्रिय सदस्य बनाए गए। सदस्यता अभियान के बाद संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई।



**राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के साथ कार्यकर्ताओं का जताया आभार**

## पीएम मोदी से मिले डॉ रमन सिंह, छत्तीसगढ़ आने का दिया न्योता, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान डॉ. रमन सिंह जी ने प्रधानमंत्री मोदी जी को आदिशक्ति मां बम्लेश्वरी जी का छायाचित्र भेंट किया जिस पर प्रधानमंत्री ने आभार जताया है। इसके साथ ही डॉ रमन सिंह ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश की जानकारी साझा करते हुए प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ आगमन का सादर आमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री से चर्चा के दौरान राज्य के विकास, जनहित योजनाओं और प्रदेश के समग्र उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ। डॉ. रमन सिंह जी ने इस मुलाकात को प्रदेश के लिए हितकारी बताते हुए प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला बताया ।

### अमित शाह से भी डॉ. रमन सिंह ने की मुलाकात

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात किया था। डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करते हुए अमित शाह जी को माडिया मदिन युगल नृत्य की प्रतिमा भेंट की।

## साय कैबिनेट की बैठक

## धान की अंतर राशि का एकमुश्त होगा भुगतान, अतिशेष धान की होगी ऑनलाइन नीलामी

**रायपुर।** नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव से पहले साय कैबिनेट की अंतिम बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए. केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है, इसमें प्रति क्विंटल अंतर की राशि 800 रुपए का भुगतान एकमुश्त फरवरी 2025 में सरकार प्रदान करेगी. कैबिनेट ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से अतिशेष धान की नीलामी को ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से निराकरण करने का निर्णय लिया है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने



साय कैबिनेट में लिए महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी. इसमें कैबिनेट की बैठक में किसानों के हित में आज एक बड़ा निर्णय लिया गया. इस निर्णय के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप इस साल भी समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले राज्य के लगभग 27 लाख किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घोषित दर के अनुसार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा. इस साल किसानों से केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है, जिसका भुगतान किसानों को किया जा रहा है तथा प्रति क्विंटल अंतर की राशि 800 रुपए छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को आदान सहायता के रूप में एकमुश्त फरवरी 2025 में प्रदान करेगी. कैबिनेट ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से अतिशेष धान की नीलामी को ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से निराकरण करने का निर्णय लिया है. कैबिनेट ने विधानसभा सत्र में किए गए घोषणा के अनुपालन में राज्य के कलाकारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में वृद्धि करने



का निर्णय लिया है. अर्थाभावग्रस्त लेखकों और कलाकारों एवं उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता देने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ कलाकार कोष नियम 1982 में संशोधन कर राज्य के कलाकारों को 25 हजार रूपए के स्थान पर अब अधिकतम 50 हजार रूपए की सहायता एवं मृत्यु होने पर 01 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है।

# यातायात पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय यातायात पुलिस ने एक जागरूकता रैली के तहत बाईक रैली निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुये यातायात नियमो का पालन करने अपील की गई। रैली मे पुलिस के साथ शहर के बुद्धिजीवी नागरिक एवं पत्रकारगण शामिल थे। बाईक रैली यातायात थाना से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुये यातायात थाना मे आकर समाप्त हुई। भाटापारा यातायात थाना के प्रभारी हेमंत पटेल ने चर्चा के दौरान बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की मंशा है कि आम नागरिको तक यातायात नियमो का प्रचार प्रसार ज्यादा सुलभ व बेहतर ढँग से हो जिसके लिये विभिन्न प्रचार के माध्यम आम नागरिको तक प्रसारित करने के लिये एसपी विजय अग्रवाल व एएसपी हेमसागर सिदार के मार्गनिर्देशन मे आज एक जागरूकता बाईक रैली निकाली गई जिसमे आम नागरिको को संदेश देते हुये शहर के गणमान्य नागरिक पत्रकारगण एवं शहर थाना, ग्रामीण थाना यातायात थाना की पुलिस द्वारा संदेश दिया गया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ पत्रकार संतोष अग्रवाल एवं भूपेशधर दीवान ने हरी झंडी दिखाकर बाईक रैली को रवाना किया गया जो यातायात थाना से प्रारंभ होकर सदर बाजार होते हुये फ व्वारा चैक, सीएसईबी तिराहा, आबकारी कार्यालय तिराहा एवं पटपर चैक होते हुये वापस यातायात थाना मे समाप्त हुई जहां थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने उपस्थित सभी जनो का आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से ग्रामीण थाना प्रभारी लकेश केंवट, यातायात थाना प्रभारी हेमंत पटेल, शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी, सउनि कुरैशी, सउनि महापात्रा, महिला सउनि पुष्पा राठौर, प्र.आर अगस्तजीत ध्रुव, सुरेन्द्र नेताम, संतोष साहू, अमृत साहू, सरिता ध्रुव, अजय यादव, सुनील दुबे, अरूण छाबड़ा, आशीष टोडर, सुधीर मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

# प्रकाश पर्व में शामिल हुये विधायक इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** गुरुद्वारा नानक दरबार मे सिख पंथ के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह सहज पाठ की समाप्ति के उपरांत रायपुर से आए कीतर्नी भाई जसप्रीत सिंह बिट्टू द्वारा कीर्तन, कथा विचार की गई उन्होंने गुरुद्वारे में वीर रस से भरे शबद गायन करते हुये धर्म के लिये दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह द्वारा दिये गये बलिदानों को बताया। इस अवसर पर क्षेत्रिय विधायक इंद्र साव भी प्रकाश पूरब में शामिल हुये सिख समाज एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मान किया। साव ने अपने विचार रखते हुये कहा कि जब खालसा पंथ की स्थापना हुई थी उस समय समाज वर्णों में बंटा था गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ में सभी प्रकार की जातियों का समावेश कर पंथ की सृजना की औरंगजेब हिंदुओं को बहुत प्रताड़ित कर रहा था उन्हें जबरन मुसलमान बनाने के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष को इस्लामिक देश बनाने का सपना संजोए बैठा था जिसके लिये गुरु ने अपने माता-पिता एवं बच्चों की शहादत देकर औरंगजेब के मंसूबों पर पानी फेर दिया साव ने गुरु गोविंद सिंह द्वारा दी हुई कुर्बानियों को नमन करते हुये उन्हें महान संत बतलाया।

## संक्षिप्त समाचार

# झरना साहू ने बेंगलुरू में अपनी रंगोली कला का प्रदर्शन किया



**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय मे अध्ययनरत एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा झरना साहू ने 38 वे साउथ ईस्ट जोन अंर्तविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव क्राईस्ट यूनिवर्सिटी बेंगलुरू कर्नाटक मे रंगोली विधा मे भाटापारा व छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। झरना साहू ने छत्तीसगढ की लोक संस्कृति को रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत करते हुये अपनी कलात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के छात्रो के साथ साथ प्राचार्य आनंद मिंज, डॉ.शशिकिरण कुजूर एवं सपूर्ण स्टाफ झरना साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बधाई दी है।

# निःशुल्क जांच शिविर संपन्न



**भाटापारा।** एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल माहेश्वरी समाज एवं लायंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान मे स्थानीय माहेश्वरी भवन मे निरू शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न रोगों के 200 से अधिक मरीजो की जांच की गई उपरोक्त कार्यक्रम मे हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय अग्रवाल, हडडी रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ खरे सहित अन्य डाक्टरो ने अपनी सेवायें दी। उपरोक्त कार्यक्रम मे जयप्रकाश अग्रवाल, रोशन हबलानी, दिनेश बजाज, सूरज गुप्ता, नरेंद्र भूषणिया, श्याम रतन मूंदड़ा, गिरधर गोविंदानी, राजेश अग्रवाल, संदीप भट्टार, विनोद अग्रवाल, प्रकाश बजाज, छोटी दमानी, राजेश झवर, अनिल चांडक, तरुण मूंदड़ा, डॉ पंकज अग्रवाल व चंदन राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# यातायात नियमों का उल्लंघन के प्रकरण में 60 हजार रूपये की वसूली

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के सख्त निर्देश के बाद स्थानीय यातायात प्रभारी हेमंत पटेल के नेतृत्व मे यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध सघन कार्यवाही की गई जिसमे राहुल यदु,पुनाराम यदु, लोकेश ध्रुव, योगेश यादव, लेखराम घृतलहरे व होरीलाल यादव के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई जिसमे कुल 60 हजार रूपये की अर्थदण्ड की राशि वसूल की गई है। उक्त कार्यवाही मे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंकिता अग्रवाल ने अर्थदण्ड की राशि से उन्हे दण्डित किया।

# कठपुतली नृत्य के जरिये यातायात व नशा के संबंध में जानकारी दी गई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** यातायात माह के प्रारंभ होते हीं यातायात प्रभारी हेमंत पटेल के नेतृत्व मे शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी, गुरूकुल स्कूल तरेंगा रोड व मयूर स्कूल के अलावा अनेक स्थानो पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाकर विविध जानकारी साझा की गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के मार्गनिर्देशन मे विविध आयोजनो के माध्यम से यातायात संबंधी जागरूकता का संदेश लोगों को प्रदान किया गया। यातायात प्रबंधन व नशा उन्मुलन के उददेश्य से बिलासपुर से आये कठपुतली नृत्य के विशेषज्ञों ने लोगों को जागरूक करते हुये यातायात के संबंध मे मनोरंजन कठपुतली नृत्य चैक चैराहे पर प्रस्तुत किया। इस दौरान लोगों को यातायात नियमो की जानकारी के साथ साथ नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। जय स्तंभ चैक के पास उपस्थित बडी संख्या मे लोगों को शपथ के माध्यम से यह वचन दिलाया गया कि भाटापारा शहर को वे नशामुक्त बनाते हुये नशे से दूर रखेंगे।

# शिवरतन शामिल हुये मोपका कालेज के कार्यक्रम में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने मोपका गांव मे स्थित स्वर्गीय रामनाथ वर्मा महाविद्यालय सम्मान समारोह और वार्षिकोत्सव में शामिल हुये। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को विश्व सिरमौर बनाने के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत है। शिक्षण संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। शिक्षण संस्थाओं को नवाचार को बढ़ावा देकर छात्रों को रचनात्मक सोच के लिये प्रोत्साहित करने पर उन्होने जोर दिया। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये समर्पित होकर अध्ययन करना चाहिये जिससे उनका कैरियर उज्ज्वल हो सके। शर्मा ने आगे कहा कि देश की बागडोर आने वाले समय मे युवा ही संभालेंगे इसलिये उन्हें हर तरह की खुबियों से परिपूर्ण रहना होगा। उन्हे अपने अंदर पढ़ाई के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता और अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी साथ लेकर चलना होगा। उन्होने कहा कि स्कूल शिक्षा के बाद महाविद्यालय स्तर की शिक्षा हर विद्यार्थी के लिये बहुत महत्वपूर्ण होती है। महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान ही छात्र-छात्राओं के भविष्य की दिशा तय होती है महाविद्यालय संस्था को आयोजन के लिये बधाई और शुभकामनाएं दी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। उक्त अवसर राकेश तिवारी, मथुरा यदु, देवक साहू, संकेत अग्रवाल, सालिक राम वर्मा, चेतन वर्मा, योगेंद्र ठाकुर, अभिलाषा सैनी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, पालकगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी



यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।


> अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे।

इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके।

**ललित गर्ग**

# न सुशासन, न रोजगार, सिर्फ फ्रीबीज की बौछार

राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावों के समय मतदाताओं के लिए एक से बढ़कर एक फ्रीबीज की जो बौछारें हो रही हैं, वह वोटर्स को रिश्वत नहीं तो और क्या है, इसे समझना जरूरी है! वहीं, जिन राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी वायदों के अनुपालन में कोताही बरती, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए, यह भी स्पष्ट नहीं है! इसलिए वायदे करो और फिर मुकर जाओ या फिर आधे-अधूरे पूरे करो, कोई पूछने वाला नहीं है!





> **याद दिला दें कि एक जमाने में जो राजनीतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती दर कटौती करते चले गए कि राजकोषीय घाटा को पाटना है! और अब उन्हीं के द्वारा जब फ्रीबीज की वकालत हो रही है तो इस सियासी तिकड़म को समझना भी दिलचस्प है।**

तभी तो राजनीतिक दलों की बल्ले-बल्ले है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का शोर मचा हुआ है, इसलिए इस फ्रीबीज की चर्चा पुनः आवश्यक है, ताकि मतदाता जागरूक हो सकें।कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी तलाक ले लेती है!

और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार गला मरोड़ने में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं।चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र का बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यहां भी वह मतदाता दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा, सवर्ण-गरीब सवर्ण, आदिवासी-अल्पसंख्यक, महिला-पुरूष, युवा-बुजुर्ग, किसान-मजदूर, कामगार या पूंजीपति आदि इतने खानों में विभाजित है कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति अक्सर सफल होती आई है। शायद इसलिए जनता, सरकार और सुशासन के मुद्दे गौण पड़ जाते हैं और फ्रीबीज की चर्चा घर-घर पहुंचकर चुनावी खेल कर देती है। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि सुशासन से लेकर रोजगार के मोर्चे पर विफल हो चुकीं जनतांत्रिक सरकारों के द्वारा जिस तरह से फ्रीबीज की घोषणाएं की जा रही हैं, क्या यह देश की आर्थिक व्यवस्था यानी अर्थव्यवस्था के लिहाज से उचित है या फिर अनुचित है? यदि अनुचित है तो इससे बचने का रास्ता क्या है? देखा जाए तो कबीलाई युग से लोकतांत्रिक सरकार तक मनुष्य की पहली जरूरत शांति और सुरक्षा है, ताकि वह मेहनत करते हुए अपना जीवन निर्वाह कर सके और इस देश-दुनिया को बेहतर बनाने में अपने हिस्से का योगदान दे सके। हालांकि, ऐसे सुशासन की गारंटी न तो तब मिली थी और न अब मिली हुई है। शासक-प्रशासक बेहतर हो तो क्षणिक सुख-शांति संभव है, अन्यथा जलालत ही मानवीय सच है। याद दिला दें कि एक जमाने में जो राजनीतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती दर कटौती करते चले गए कि राजकोषीय घाटा को पाटना है! और अब उन्हीं के द्वारा जब फ्रीबीज की वकालत हो रही है तो इस सियासी तिकड़म को समझना भी दिलचस्प है। चाहे संसदीय चुनाव हो या विधान मंडलीय चुनाव, या फिर स्थानीय चुनाव, होने तो 5 साल में ही हैं। इसलिए जैसे तैसे चुनावी वायदे करके सरकार बना लो, इसी घुड़दौड़ में सभी राजनीतिक दल जूटे हुए हैं। अब लोगों की दिलचस्पी न तो आजादी के तराने सुनने में है, न ही हिंदुत्व की माला जपने में। समाजवाद

> राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधनों पर सरकार और उसके पूंजीपति मित्रों का बढ़ता कब्जा, भूमि और मौद्रिक संसाधनों के असमान बंटवारे की नीति, समान मताधिकार से इतर विभिन्न कानूनी असमानताएं समाज और व्यवस्था को निरंतर खोखला करती जा रही हैं। इससे पूंजीपतियों की जमात, उनके शागिर्द, प्रशासनिक हुक्मरान और उसकी पूरी चेन, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की फौज और उनके करीबी लोग तो हर तरीके से मस्त हैं,

से लेकर वामपंथ तक अपने ही राजनीतिक हमाम में नंगे हो चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस विरोधी सम्पूर्ण क्रांति की सफलता-विफलता के लगभग चार दशक बाद हुई दूसरी कांग्रेस विरोधी अन्ना हजारे क्रांति की सफलता से उपजी आम आदमी पार्टी ने जो फ्रीबीज की सियासी लत लगाई और दिल्ली से पंजाब तक कांग्रेस-भाजपा का सफाया कर दी, उससे दोनों पार्टियों ने शुरुआती आलोचनाओं के बाद आप के सियासी एजेंडे को ही अपनाने में सफलता पाई। हिमाचल प्रदेश से कर्नाटक तक कांग्रेस की विजय और हरियाणा से उड़ीसा तक भाजपा की जीत इसी बात की साक्षी है।

**कमलेश पांडे**

# श्री राधे निकुंज आश्रम जंजगीरी में शिव महापुराण कथा महोत्सव एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** श्री राधे निकुंज आश्रम में श्री निकुंजश्वर महादेव जी के प्रथम वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शिव महापुराण कथा महोत्सव एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन 19 जनवरी 2025, रविवार से 26 जनवरी 2025, रविवार तक किया जाएगा। यह आयोजन दिव्य आध्यात्मिक अनुभूति और श्रद्धालुओं के कल्याण का प्रतीक होगा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और नगरवासियों को निमंत्रण देने हेतु पं श्री नारायण महाराज जी ने नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर महंत बसंत दास वैष्णव और शिष्य परिवार के साथ भेंट की। इस अवसर पर नगरवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया और आयोजन हेतु सहयोग राशि भी प्रदान की।

## कार्यक्रम की विशेषताएं-

शिव महापुराण कथा- प्रतिदिन कथा का वाचन प्रख्यात कथा वाचक नारायण महाराज द्वारा किया जाएगा, जिसमें भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन होगा। रुद्राभिषेक महायज्ञ- शिव की आराधना हेतु विशेष यज्ञ का आयोजन, जिसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकेंगे। सांस्कृतिक एवं भक्ति कार्यक्रम- भजन संध्या और अन्य धार्मिक आयोजन। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन आयोजन का लाभ उठाएं और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करें इस अवसर पर अनिल सिंघानिया, हरिशरण छतरी, रामावतार अग्रवाल, विनय परमार, बसंत केडिया, मुकेश अग्रवाल, कपिल चंद्राकर, नंदिनी साहू, अनु केडिया उपस्थित थे।

# फौजी को अपने बीच पाकर उत्साहित हुए बच्चे

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खमरिया।** समीपस्थ ग्राम गोपालपुर में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल गोपालपुर के बच्चे भारतीय फौज में विगत 10 वर्षों से सेवा दे रहे ग्राम कु र दा के लांस नायक उत्तम कुमार ध्रुव जो वर्तमान में नागालैंड में पदस्त है को अपने बीच में पाकर बहुत उत्साहित एवं खुश नजर आए।लांस नायक उत्तम कुमार ध्रुव ने अपना अनुभव व आने वाले समय में परीक्षा की तैयारी और नौकरी में सफलता के लिए मार्गदर्शन किया।सेना,आर्मी,फौज,नेवी एन, डी आर एफ, इंजीनियरिंग,प्रतियोगी परीक्षा आदि सभी में सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन को महत्वपूर्ण बताया ,जो विद्यार्थी अनुशासन में रहते हैं वह कुछ भी हासिल कर सकते हैं।नाम,नमक,निशान को कभी नहीं भूलना चाहिए इस पर भी विद्यार्थी को प्रेरित किया।सभी विद्यार्थी बहुत प्रभावित हुए। शाला के सभी शिक्षक बिसेन सिंह राजपूत,अमित शर्मा, लालाराम कश्यप,संजय कुमार पाण्डेय,राजाराम साहू,शिशपाल साहू,मीना साहू उपस्थित थे।प्रभारी प्रधान पाठक लालाराम कश्यप, विद्यार्थी सागरनाथ,रौनक मार्कण्डेय ने बेच एवं गुलाल से स्वागत किया।प्रभारी प्राचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में इसी प्रकार से उपस्थित होकर बच्चे को मार्गदर्शन देने की बात कही।

# नागा साधुओं का प्रथम स्नान उनके सम्मान को दर्शाता है - बाबा रामबालकदासजी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** नागा साधु समस्त संतों के पहरेदार हैं सिपाही हैं। इन्होंने कई बार देश को दुश्मनों से बचाया। मुगलों के आतंक से मठ मंदिरों की रक्षा की। रामजन्म भूमि आंदोलन में अनगिनत नागाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी। पाटेश्वरधाम के ऑनलाईन सतसंग में यह जिज्ञासा कि कुंभ में अमृत स्नान में नागा साधुओं को वरीयता क्यों दी जाती है पर बोलते हुये बाबा रामबालकदास जी ने कहा कि नागा साधुओं ने ही सोमनाथ मंदिर को लूटने से बचाया। ये न मरने से डरते हैं न मारने से। नागा साधु सनातन की धर्म ध्वजा हैं। इन्हें सम्मान देने की भावना से प्रथम स्नान का अवसर दिया जाता है। बाबाजी ने कहा तलवार, भाला, बरछी, दण्ड एवं नाना प्रकार के अस्त्र - शस्त्र लिये भस्म लपेटे, बड़े - बड़े जटा जूटधारी नाना साधु कान में बाली, पैर में चूड़ा, हाथ में कड़ा, रूण्ड - मुण्ड एवं रूद्राक्ष की माला पहने ऑखों में काजल लगाये मस्तक पर कई प्रकार का टीका लगाये नागा साधु अपनी मस्ती में होते हैं। शिव के रूद्र रूप में इनका दर्शन किया जाता है। कुंभ मेले में विभिन्न अखाड़ों के, विभिन्न संप्रदायों के, अनेक नागा साधु आते हैं जिनका दर्शन पुण्यमयी है। नागा साधुओं के पहले स्नान के बाद महामंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, संत आदि स्नान करते हैं। अमृत स्नान के बारे में बताते हुये बाबाजी ने कहा राजा या क्षेत्र का मुखिया अपने गुरू को सम्मान के साथ स्नान के लिये ले जाता है वही अमृत स्नान है। गुरूगद्दी के महंत, श्रीमंत को रथ में बिठाकर ले जाकर सम्मान से स्नान कराया जाता है। बाबाजी ने बताया 1 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभी विधायकों के साथ उन्हें भी अमृत स्नान करवाने ले जायेंगे।

# अंबिकापुर में 13 लाख का फोर्टिफाइड चांवल जब्त

## प्रशासनिक अमले ने मारा छापा; 3 दुकानों को किया गया सील

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला






खाद्य, मंडी और पुलिस की संयुक्त टीम ने की। तीन दुकानें की गई सील

सरगुजा जिला प्रशासन और खाद्य विभाग के संयुक्त अमले ने 3 दुकानों से करीब 13 लाख रुपए का फोर्टिफाइड चावल जब्त किया है। तीनों दुकानों को सील कर दिया गया है। फोर्टिफाइड चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सप्लाई की जाती है। आशंका है कि ये चावल राशन दुकानों में वितरण के लिए लाए गए थे। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार रात कलेक्टर विलास भोस्कर को मिली सूचना के आधार पर प्रशासनिक अमले ने सांई ट्रेडर्स में छापा मारा। सांई ट्रेडर्स से एक ट्रक में 310 क्विंटल चावल लोड किया जा रहा था, जिसे जब्त किया गया। कार्रवाई राजस्व,

अंबिकापुर SDM फागेश सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को संयुक्त प्रशासनिक अमले ने खरसिया नाका स्थित श्रीराम ट्रेडर्स और बंसल ट्रेडर्स में भी दबिश दी। दुकानों में अवैध रूप से भण्डार किया गया चावल जब्त कर लिया गया। इसमें साईं ट्रेडर्स में आज लगभग 8 क्विंटल चावल, श्रीराम ट्रेडिंग में 130 क्विंटल और बंसल ट्रेडर्स में 45 क्विंटल चावल भंडारित पाया गया।

प्रशासनिक टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए चावल जब्त कर तीनों दुकानों को सील कर दिया गया है। कार्रवाई में जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, तहसीलदार उमेश बाज, नायब तहसीलदार निखिल श्रीवास्तव सहित मंडी और पुलिस विभाग टीम शामिल रही।

## राशन दुकान में वितरित होता है चावल

***जिस फोर्टिफाइड चावल को प्रशासनिक अमले ने जब्त किया है, वह पीडीएस प्रणाली के तहत वितरित किया जाता है। यह चावल दुकानों तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। जब्त चावल की कीमत 13 लाख रुपए बताई गई है।***

# हर वर्ष की भाँति मकर संक्रांति के अवसर पर अंबिकापुर के गाँधी स्टेडीयम में इस वर्ष भी किया गया पतंग प्रतियोगिता का आयोजन

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर** – प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,इस प्रतियोगिता में इंडोनेशिया, दुबई और मालट द्वीप की पतंग आकर्षण का केन्द्र बनी,दरअसल अंबिकापुर के रहने वाले मुकेश अग्रवाल देश सहित विदेश की पतंग लेकर इस प्रतियोगिता में शामिल हुए, जिनकी पतंग पुरे प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र रही,मुकेश अग्रवाल के द्वारा इंडोनेशिया की बाज आकार की पतंग और दुबई की आकटोपस, गौजा मलाट द्वीप की ड्रेगन आकार की पतंग के साथ हि अलग अलग देश की सौ से अधिक पतंग का संग्रह है, मुकेश को बचपन से ही पतंग उड़ाने का बहुत शौक रहा है और यही वजह है कि देश हो या विदेश जहां भी पतंग प्रतियोगिता का आयोजन होता है मुकेश उसे जगह पहुंचकर प्रतियोगिता में भाग लेते हैं,हाल हि में 19 अक्टूबर 2024 को गैजो मालट द्वीप में आयोजित इंटरनेशनल पतंग फेस्टिवल में मुकेश ने भाग लिया था, प्रतियोगिता में मुकेश के पहुंचते ही उनकी फैंसी पतंग के साथ सेल्फी लेते लोगों की भीड़ नजर आई है।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी के प्रतिदिन मॉर्निंग विजिट से बदल रही है थानखम्हरिया की तस्वीर

## स्वच्छता के प्रति लोग हो रहे हैं जागरूक

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री के मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्थानीय मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत देवांगन द्वारा प्रतिदिन सुबह 5 बजे से सफाई, बिजली, पानी, भवन निर्माण आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है तथा सफाई कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। नगर के सभी चौक चौराहों, सार्वजनिक /सामुदायिक शौचालयों, तालाबों को साफ करने का आदेश दिया गया है। नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है जिससे आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में थानखम्हरिया को नं.1 बनाया जा सके। नागरिकों ने श्री देवांगन के कार्यों की सराहना की है।

# सफाई कर्मियों को सम्मानः लक्ष्मी देवी राधादेवी फाउंडेशन ने वितरित किए कंबल

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया




**थानखम्हरिया।** श्रीमती लक्ष्मी देवी राधादेवी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में नगर के सफाई कर्मियों और सफाई मित्रों को कंबल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रेम सिंघानिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल उन कर्मठ सफाई कर्मियों और सफाई मित्रों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक प्रयास है, जो निस्वार्थ भाव से समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों को कंबल वितरित करते हुए उनकी मेहनत और सेवा को सराहा गया। कार्यक्रम के पूर्व में फाउंडेशन के व्यवस्थापक सुरेंद्र सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विष्णु जोशी, राजेश ठाकुर को दुपट्टा से स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्वच्छता के लिए सीएमओ, सफाईकर्मियों की प्रसंशा करते हुए कहा, सफाई कर्मी समाज के अनमोल स्तंभ हैं। उनकी सेवा और समर्पण को सम्मान देना हम सभी का कर्तव्य है। इस आयोजन में सी एमओ यशवंत देवांगन, मुकेश सिंघानिया, विष्णु जोशी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, चेतन सिन्हा, गोविंद सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, अतुल सिंघानिया, सतीश केडिया, आदर्श जोशी, गिरधारी देवांगन, बोधी सिन्हा,रामजी सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल सिंघानिया ने किया।

# तातापानी महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**बलरामपुर।** मक्रसंक्रांति के उपलक्ष्य पर तीन दिनों तक चलने वाला तातापानी महोत्सव कार्यक्रम आज से शुरू हो गया है.. इस कार्यक्रम में बतौर सूबे के मुखिया विष्णु देव साय मेले के कार्यक्रम का शुभारंभ किये साथ ही जिले को करोड़ों की सौगात भी दिए.....

बलरामपुर तातापानी महोत्सव 2025 का आगाज आज से हो गया है जो तीन दिनों तक चलने वाले इस तातापानी महोत्सव में लाखों की संख्या में लोग मेले का लुत्फ उठाने पहुंचते हैं.. इस मेले में सिर्फ जिले का ही नहीं बल्कि दुसरे प्रदेश जैसे झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों से भी लोग इस मेले में पहुंचते हैं.. आज इस महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मक्रसंक्रांति के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

साथ ही बताया कि इस महोत्सव में पंच, सरपंच एवं किसान सम्मेलन भी आयोजन की किया गया.. इतना ही नहीं आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत तीन सौ जोड़े परिणय सूत्र में बंधे.. इस मौके पर सभी नव जोड़ियों को आशीर्वाद भी दिये.. मुख्यमंत्री ने बलरामपुर के महाविद्यालय के लिए लम्बे समय से आडोटोरिम भवन की मांग की जा रही थी,जिसे आज मुख्यमंत्री ने अमली



जामा भी पहना दिया..

पंचायती चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से हम लोगों को लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में सफलता मिली है उसी तरह से पंचायती चुनाव में भी परचम लहराएगे।

# भाटापारा पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक गुणा भाग का खेल शुरू

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका परिषद मे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पालिका प्रशासन मे प्रशासक के रूप मे एसडीएम नितीन तिवारी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस बीच पालिका सूत्रो से ज्ञात हुआ है कि एसडीएम नितीन तिवारी अपने निजी कारणों के कारण अवकाश पर जा रहे है इसलिये प्रशासक का कार्यभार अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल संभालेंगे। पालिका मे आने वाले समय मे पालिकाध्यक्ष व 31 वार्डो का चुनाव आम जनता के वोटो से प्रत्यक्ष रूप से होगा। इसके तहत अध्यक्ष पद के लिये निकाली गई लॉटरी मे एक लंबे समय बाद अध्यक्ष पद की कुर्सी सामान्य वर्ग के कोटे मे गया है। सामान्य वर्ग के खाते मे अध्यक्ष पद आने के बाद से पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज होने के लिये कई बडे बडे चेहरे व नाम उभरकर सामने आ रहा है जिसमे कांग्रेस के अनेक नेता के साथ साथ भाजपा के अनेक नेताओं के नाम उभरकर सामने आये है। चूंकि अध्यक्ष सीट सामान्य वर्ग के कोटे मे है इसलिये दोनो प्रमुख राजनीतिक दल सामान्य वर्ग से हीं मजबूत जनाधार वाले प्रत्याशी की तलाश मे चिंतन मनन राजनीतिक स्तर पर करने जुट गये है इस बार शहर के तमाम मतदाता बदली हुई परिस्थिति मे दो मतदान करेंगे जिसमे पालिकाध्यक्ष पद के लिये तथा वार्ड पार्षद पद के लिये वोट डाले जायेंगे। राज्य शासन द्वारा प्रत्यक्ष प्रणाली से अध्यक्ष पद जनता द्वारा चुने जाने के नये नियम लागू किये जाने के बाद वार्ड पार्षदों की भूमिका अब सीमित हो गई है क्योकि भाटापारा पालिका मे बीते पांच वर्षो मे पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव अध्यक्ष के विरूद्ध लाकर राजनीतिक उठापटक को अंजाम दिया था जिसमे अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया था लेकिन इस बार नियम कानून मे संशोधन के पश्चात अब पार्षद राजनीतिक धमाचैकडी नही कर पायेंगे। बहरहाल लोगों को उत्सुकता से प्रतीक्षा है कि पालिका चुनाव आखिर कब होगा अनुमान लगाया जा रहा है कि फ रवरी माह अथवा मई माह मे नगरीय निकाय चुनाव हो सकते है इस बीच पालिकाध्यक्ष भाटापारा के सामान्य वर्ग कोटे से कांग्रेस व भाजपा की ओर से अधिकृत प्रत्याशी बनने लोग सक्रिय हो गये है ऐसे लोग लगातार भाजपा व कांग्रेस के बडे नेताओं के घर चक्कर पर चक्कर लगा रहे है वहीं अनेक नये पुराने चेहरे भी वार्ड पार्षद की टिकट की जुगाड़ मे कांग्रेस भाजपा के नेताओं के घरो के चक्कर लगा रहे है कई वार्ड मे आरक्षण प्रक्रिया के बाद समीकरण गडबड़ा गया है जिसके कारण अनेक वार्ड पार्षद स्तर के नेता दूसरे वार्डो मे हाथ पैर मार रहे है वहीं अनेक नये नवेले चेहरे भी पार्षद बनने का सपना संजोकर इधर उधर भटक रहे है फि रहाल चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद हीं सही स्थिति का आंकलन हो पायेगा।

# आनंद यादव का जिलाध्यक्ष बनने पर स्वागत

**भाटापारा।** भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद यादव के प्रथम नगर आगमन पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाके व आतिशबाजी के बीच उनका स्वागत किया गया।



कार्यकर्ताओं की भीड ने आनंद यादव को फूल मालाओं से लाद दिया साथ हीं रंग गुलाल व मिष्ठान से उनका स्वागत किया। उक्त अवसर पर भाजपा कार्यालय मे भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने उन्हे आर्शीवाद देते हुये पार्टी हित मे एक जुटता के साथ कार्य करने कहा। इस दौरान शिवरतन ने आनंद यादव को मिठाई खिलाकर शाल व श्री फ ल भेंट करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के चारो मंडलो के पदाधिकारी छोटे बडे तमाम नेता एवं भारतीय युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। अपने स्वागत से अभिभूत होकर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि भाजपा पार्टी की रीढ कार्यकर्ता है इसलिये कार्यकर्ता उनके लिये सर्वोपरि है उनकी बातों का ख्याल रखा जायेगा व उनके भावना के अनुरूप सभी जनहित के काम किये जायेंगे। उन्होने कहा कि वह जिले मे गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों व सिद्धांतो को पहुंचाते हुये संगठन को सशक्त बनाने की दिशा मे ठोस काम करेंगे।आनंद यादव ने यह भी कहा कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को विश्व के सबसे बडी लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक पार्टी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है उससे यह प्रतीत होता है कि केवल भारतीय जनता पार्टी मे सामान्य से कार्यकर्ता का हीं महत्व है और भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है। आनंद यादव ने अपने जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त के लिये भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा व गौरीशंकर अग्रवाल के साथ साथ देश प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया है। उपरोक्त मौके पर राकेश तिवारी, हेम सिंग चैहान, चन्द्रमणी तिवारी, गोलू अवस्थी, सूर्यकांत ताम्रकर, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत, पवन वर्मा, मथुरा यदु, नारायण साहू, राजा कामनानी, परस देवांगन, सतीश सोनी, देउक साहू, प्यारे रजक, संतोष साहू, माखन महिलांगे, महेश वर्मा, गजानंद ठाकुर, मनोज शर्मा, चन्द्रमणि साहू, श्रीमती चंद्रा कला साय, चेतन वर्मा, मुकेश साहू व संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाटापारा जनपद पंचायत के विभिन्न ग्राम पंचायतों का आरक्षण हुआ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत मे प्रस्तावित चुनावी प्रक्रिया को मददेनजर रखते हुये आरक्षण प्रक्रिया का ऐलान कर दिया गया जिसके तहत ग्राम पंचायत सेमरिया घाट को अनुसूचित जाति महिला के लिये आरक्षित किया गया है इसी तरह ग्राम तरेंगा को सामान्य महिला के लिये आरक्षित किया गया है, ग्राम सूमा को अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम देवरी को अनुसूचित जाति महिला के लिये आरक्षित किया गया है, ग्राम दतरेंगा को अनारक्षित मुक्त रखा गया है ग्राम सूरजपुरा को अनुसूचित जाति मुक्त रखा गया है, ग्राम खोलवा को अनुसूचित जनजाति महिला के लिये रिवर्ज रखा गया है, ग्राम कैथी को अनारक्षित मुक्त तथा ग्राम कोटमी को अनुसूचित जनजाति महिला के लिये रखा गया है, अमलीडीह कड़ार को अन्य पिछडा वर्ग मुक्त रखा गया है, मधुबन गांव को अनुसूचित जाति महिला के लिये रखा गया है, परसवानी अकोली को अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम पंचायत अकोली को अनारक्षित महिला के खाते मे रखा गया है, ग्राम दतरेंगी को अन्य पिछडा वर्ग मुक्त रखा गया है, ग्राम कड़ार को अनुसूचित जनजाति मुक्त रखा गया है, ग्राम लेवई को अनारक्षित महिला रखा गया है, ग्राम जरहागांव को अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम अकलतरा को अनारक्षित महिला रखा गया है, ग्राम टेंहका को अनुसूचित जाति महिला रखा गया है, ग्राम बिजराडीह अनारक्षित मुक्त रहेगा, बोरसी ब को अनुसूचित जाति मुक्त की श्रेणी मे रखा गया है, परसवानी कलमीडीह को अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम सुरखी को अनुसूचित जनजाति महिला सीट बनाया गया है,

ग्राम पेंन्ड्री को अनारक्षित महिला रखा गया है, इसी तरह ग्राम ढाबाडीह को अनारक्षित महिला सीट बनाया गया है, धौराभांठा सिद्ध बाबा को अनुसूचित जनजाति महिला के लिये रिजर्व किया गया है, ग्राम गांडाडीह अनारक्षित मुक्त बनाया गया है, मजगांव अनुसूचित जाति महिला के लिये रखा गया है ग्राम खोखली अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम कोड़ापार अन्य पिछडा वर्ग मुक्त रखा गया है ग्राम खपराडीह अनुसूचित जनजाति मुक्त रखा गया है, सेमरिया ब को अनारक्षित महिला कोटा मे रखा गया है, ग्राम अलेसुर अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम टिकुलिया अनारक्षित महिला बनाया गया है, ग्राम बोड़तरा अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम अमलीडीह अनारक्षित महिला रखा गया है, ग्राम हसदा अनुसूचित जनजाति महिला रखा गया है, ग्राम खम्हरिया अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम गुर्रा अनुसूचित जनजाति महिला रखा गया है, ग्राम राजाढार अनारक्षित मुक्त रखा गया है

ग्राम खैरी राजाढार अनुसूचित जनजाति मुक्त रखा गया है, ग्राम तुरमा को अनुसूचित जाति महिला के लिये रिजर्व रखा गया है, ग्राम कोसमंदा अनारक्षित मुक्त रखा गया है, ग्राम बेंदरी अन्य पिछडा वर्ग महिला के कोटे मे गया है, ग्राम पौंसरी अनुसूचित जाति महिला तथा ग्राम कुकदा अनुसूचित जाति मुक्त रखा गया है, खैरी क अनारक्षित महिला के कोटे मे गया है, ग्राम धुर्राबांधा अनारक्षित महिला रखा गया है, ग्राम भरतपुर अनुसूचित जनजाति महिला एवं ग्राम धौराभांठा अनारक्षित महिला, ग्राम सेम्हराडीह अनारक्षित महिला, ग्राम लमती अनुसूचित जनजाति मुक्त, ग्राम कोनी अनारक्षित मुक्त, सिंगारपुर अनुसूचित जाति मुक्त, ग्राम कोदवा अनुसूचित जाति महिला, ग्राम निपनिया अनुसूचित जनजाति मुक्त, ग्राम गोढी सिंगारपुर अनारक्षित मुक्त, ग्राम मोपका अनारक्षित मुक्त, ग्राम गोगिया अनुसूचित जाति मुक्त तथा ग्राम मोपकी अनारक्षित महिला के रूप मे बनाये गये है।

### जिला कांग्रेस के नेताओं ने 4 घंटे तक शहर थाना के सामने दिया धरना

# जनता से नकारे हुए पूर्व विधायक अपनी हार से बौखला गए - विधायक इंद्र साव

## मारपीट करने और उकसाने वालों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज हो- कांग्रेस जन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** बुधवार को भाटापारा नगर पालिका में करोड़ों के वाहन व जेसीबी वाहन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकाल का उल्लंघन को लेकर कांग्रेसजनों को पालिका अधिकारी द्वारा संतोष जनक जवाब ना मिलने से नाराज पालिका भवन के सामने सड़क पर नारेबाजी कर रहे कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के साथ पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के उकसाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा की गई मारपीट के विरोध तथा पुलिस प्रशासन द्वारा एफ आई आर दर्ज ना करने के कारण कांग्रेस जनों ने गुरुवार को जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और शहर थाना के सामने विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में पूरे जिले के कांग्रेस नेताओं ने धरना प्रदर्शन कर नारे बाजी की तथा प्रशासन के द्वारा मांगे गए समय सीमा पर सहमति जताते हुए अपना धरना समाप्त किया,वही निर्धारित समय सीमा में उचित कार्यवाही ना होने पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की उपस्थिति में आगामी प्रदर्शन की चेतावनी भी दी।

स्थानीय कांग्रेस भवन के सामने हजारों की तादाद में उपस्थित कांग्रेस जनों और उमड़े जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए घटना के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।श्री साव ने कहा कि प्रजातंत्र के लिए



कल का दिन कलंकित हो गया,जब क्षेत्र की जनता ने एक सिरे से पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को जब नकार दिया तो अपनी खीज मिटा रहे है।सत्ता का दम दिखाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को अनावश्यक दवाब बना कर अपने आप को शासकीय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करवा रहे है।पालिका में कल जो भी घटना घटी है उसका वीडियो आप सभी ने देखा है कि किस तरह पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा अपना आपा खो कर अपने कार्यकर्ताओं से बाहर खड़े कांग्रेस जनों पर हमला करवाए है।इस मारपीट में कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से ना केवल जमकर मारपीट की गई है बल्कि उनको बुरी बुरी गालियां भी दी है।विधायक इंद्र साव ने कहा कि इतनी बड़ी घटना पुलिस अधिकारियों के सामने होने की घटना का फुटेज सार्वजनिक होने के बाद भी थाना पहुंचे कांग्रेस जनों की एफ आई आर नहीं लेने से स्पष्ट है कि पूर्व विधायक अपनी सत्ता से पुलिस अधिकारियों पर भी दबाव बनाए हुए है। श्री साव ने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि कानून ना तो अंधा होता है और ना बहरा होता है ।कानून सब के लिए बराबर होता है ऐसे में पुलिस को दवाब में न आकर कानून तोड़ने वालों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करना चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा राजनीति में काफी सीनियर है और वीडियो फुटेज में उनको उकसाते देखने के बाद हुई मारपीट में उनके खिलाफ मामला दर्ज ना होना,उनकी दबंगई को दर्शाता है ।पुलिस प्रशासन को घटना में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज करना होगा,अगर पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं करी तो आगामी समय बड़े रूप में आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस के पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र नितिन तिवारी ने भी घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की ।उनका कहना है आगामी नगरीय निकाय चुनाव में अपनी संभावित पराजय को ध्यान में रखते हुए यहां के भाजपा नेता मारपीट के लिए



उकसा रहे है,मारपीट हो रही है,पुलिस मौजूद है,देख रही है,छोड़ा भी रही है,लेकिन अपराध पंजीबद्ध नहीं कर रही है। वही जब हमारे भिलाई विधायक कुछ किए ही नहीं तो उन्हें जबरन आरोपी बनाकर जेल में भेज दिया गया है। कांग्रेस नेताओ का कहना है कि सत्ता तो आते जाते रहती है लेकिन सत्ता का घमंड जो यहां देखने को मिला वो प्रजातंत में कभी स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस पूरी

एकता और मजबूती के साथ इस अन्याय के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

इस धरना प्रदर्शन को सुशील शर्मा,रमेश यदु,सतीश अग्रवाल,सुनील माहेश्वरी, बसन्त भृगु,राजकुमार शर्मा, अरुण यादव,आलोक मिश्रा दिवाकर मिश्रा,लक्ष्मी पाण्डेय,, सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया।कांग्रेस भवन की सभा के बाद रैली के शक्ल में कांग्रेस जन नारे बाजी करते हुए शहर थाना पहुंचे और पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए लगभग 4 घंटे तक धरना प्रदर्शन करते हुए विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में सड़क पर बैठ गए।

विधायक और जिले के कांग्रेस नेताओं को लंबे समय से सड़क पर बैठे देखते हुए प्रशाशन के अधिकारियों ने उनके ज्ञापन को लेते हुए उनसे कुछ दिनों के लिए समय मांगा,जिस पर कांग्रेस जनों ने सहमति देते हुए राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार सहित काफी बड़ी तादाद में पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। धरने मे मुख्य रूप से ईश्वर सिंह ठाकुर, सुमित्रा धरिटलहरे, शैली भाटिया, जित्तू शर्मा जित्तू ठाकुर, त्रिलोक सलूजा, संतोष तिवारी, आर्यन शुक्ला, गोपी साहू, राधेश्याम फग्गा , विनोद अग्रवाल,अमर मंडावी, चंद्रशेखर चक्रधारी,संतोष तिवारी,वैभव केसरवानी, धनंजय तिवारी,मनमोहन कुर्रे,राजा तिवारी,मुकेश साहू, प्रमिला साहू, पूर्णिमा श्रीवास, सावित्री ध्रुव,दिनेश तिवारी, मोहन निषाद के साथ ही सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# महानगर के 14 नगरों से 208 महाविद्यालयीन छात्र कार्यक्रम में शामिल हुए

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर ने युवा दिवस के उपलक्ष्य पर 12 जनवरी की सायं कौमुदी पथ संचलन का आयोजन किया। रविवार की शाम सप्रे मैदान में आयोजित कार्यक्रम में महानगर के 14 नगरों से 208 महाविद्यालयीन छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में प्रांत के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव जी ने युवाओं को संबोधित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र के लिए जिस तरह के युवाओं की कल्पना की थी, वैसे ही युवाओं को तैयार करने



का कार्य संघ लगातार करते आ रहा है। विवेकानंद जी के जीवन के कई प्रसंग साझा करते हुए उन्होंने युवाओं को कैसे स्वयं से प्रेरित हो समाज के लिए कैसे कार्य करना इसका भी उदाहरण दिया।



उद्बोधन के पश्चात छात्रों का पथ संचलन सप्रे मैदान से बूढ़ातालाब होते हुए पुरानी बस्ती – कंकाली तालाब – सदर बाजार – सीटी कोतवाली से होते हुए वापस सप्रे मैदान लौटा। संचलन के दौरान घोष दल ने अनेक रचनाओं का वादन किया।

कार्यक्रम में मंच पर माननीय महानगर संघचालक श्री महेश बिड़ला के साथ मुख्य अतिथि के रूप में सी ए श्री अभिषेक महावार, एवं समाज सेवी संस्था के संचालक श्री प्रखर कोटडिया उपस्थित थे।



# सूरजपुर ट्रिपल मर्डर...23 आरोपी गिरफ्तार

## जमीन विवाद में पत्रकार के परिवार के 3 लोगों की हत्या; सभी आरोपी मृतकों के रिश्तेदार--ट्रिपल मर्डर से सरगुजा संभाग में सनसनी का माहौल

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में जमीन विवाद में पत्रकार के परिवार के 3 लोगों की हत्या कर दी गई। हत्या के आरोप में पुलिस ने 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी मृतकों के करीबी रिश्तेदार हैं। इस हमले के पहले का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि, एक दिन पहले खड़गवां थाने में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को जगन्नाथपुर गांव में संयुक्त खाते की जमीन को लेकर परिवार के दो पक्षों में विवाद था। मामला प्रतापपुर के न्यायालय में विचाराधीन था। इसमें डिग्री माघे टोप्पो के पक्ष में मिली थी।

गुरुवार को माघे टोप्पो के परिवार और उनके तीन भाईयों के साथ खड़गवां थाने में पुलिस के सामने समझौता हुआ था कि, उस जमीन पर माघे टोप्पो का परिवार खेती कर सकता है।





### सरसों बोने पहुंचे तो किया हमला

शुक्रवार को विवादित भूमि पर उमेश टोप्पो, नरेश टोप्पो (30) अपनी मां बसंती टोप्पो (55) और पिता माघे टोप्पो (57) के साथ खेती करने पहुंचे थे। वे उक्त जमीन पर सरसों बोने के लिए जुताई करा रहे थे। इसकी जानकारी दूसरे पक्ष को मिली तो दोपहर में माघे टोप्पो के भतीजों सहित करीब 20 लोगों ने हमला कर दिया।

विवाद के बाद आरोपियों ने लाठी-डंडे से चारों को दौड़ा-दौड़ाकर मारा। तीनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन पर कल्हाड़ी से हमला कर दिया। नरेश टोप्पो, बसंती टोप्पो और माघे टोप्पो के सिर पर ढाई-ढाई इंच के गड्ढे मिले हैं। नरेश टोप्पो और बसंती टोप्पो की मौके पर मौत होने से हमलावर डरकर भाग निकले।

उमेश टोप्पो पर भी हमला हुआ, लेकिन उसने भागकर जान बचाई और अपने भाई पत्रकार संतोष टोप्पो को घटना की सूचना दी। आरोपियों के खिलाफ धारा 61(2), 115(2), 190, 191(3), (103) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

गिरफ्तार आरोपियों में राजकुमार (62), मंधारी राम (60), रामधनी (48), बिहारी (60), रोवन (50), सियाराम (58), धरमसाय (70), अनुकलाल (45), उजेन्द्र उर्फ उजर (35), बिरेन्द्र टोप्पो (29), प्रदीप टोप्पो (30), नरेन्द्र टोप्पो (30), सम्मू (37), महाजन टोप्पो (26), दिवालसाय टोप्पो (26), कमलेश टोप्पो (32), अमेन्द्र कुमार (46), प्रकाश टोप्पो (23), गुंजा राम (32), रामप्रसाद टोप्पो (37), बाबूलाल (60), बुच्ची उर्फ बैशाखो (22) जसिंता टोप्पो (22) सभी निवासी ग्राम केरता डुबकापारा शामिल हैं।

### घटना के पहले का वीडियो वायरल

घटना के पहले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें हमलावर लाठी, डंडे से लैस होकर खेत में पहुंचे थे। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर भी आरोपियों की तस्दीक कर रही है। वीडियो में हमलावर करीब 15-16 की संख्या में दिख रहे हैं।

# मां महामाया प्रवेश द्वार का भाजपा ने कराया दोबारा उद्घाटन

## पहले आधे अधूरे द्वार का हुआ था लोकार्पण-मंत्री केदार कश्यप

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

अंबिकापुर। अंबिकापुर के मां महामाया मंदिर प्रवेश द्वार के उद्घाटन के एक सप्ताह बाद भाजपा ने इसका दोबारा लोकार्पण कराया। भाजपा के लोकार्पण कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी शामिल हुए। केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेसियों ने सत्ता के पांच साल सिर्फ नाच गाना किया। अब विपक्ष में हैं तो उनके पास विरोध करने का मुद्दा ही नहीं है।



मां महामाया मंदिर के भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण 49.30 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इसके लिए राशि पूर्ववर्ती सरकार में स्वीकृत की गई थी। राजस्थानी शैली में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया गया है।

इसका लोकार्पण 07 जनवरी को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और कांग्रेस नेताओं ने विधिवत पूजा-पाठ कर किया था। एक सप्ताह बाद दोबारा लोकार्पण

मां महामाया प्रवेश द्वार का बुधवार को दोबारा लोकार्पण भाजपा ने भव्य आयोजन के साथ कराया। मंत्री केदार कश्यप एवं लक्ष्मी राजवाड़े के साथ विधायक प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, रामकुमार टोप्पो, पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने पूजा अर्चना के साथ प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया।

### मंत्री का दावा-आधे-अधूरे द्वार का हुआ था लोकार्पण

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने आनन-फानन में लोकार्पण किया था। कांग्रेसियों को यह पता चल गया था कि उनकी सरकार नहीं बनने वाली है, इसलिए उन्होंने निर्माण पूरा किए बिना ही प्रवेश द्वार का लोकार्पण कर दिया था। महापौर डॉ.अजय तिर्की ने कहा कि भाजपाईयों ने अपने मंत्री को गलत जानकारी दी थी, जिसके कारण वे इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। इसका लोकार्पण सिर्फ एक सप्ताह पूर्व किया गया था।

### 5 साल सिर्फ नाच-गाना किया

मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के आरोपों को लेकर कहा कि जिसने बनाया, वह ही उद्घाटन करेगा। पांच साल की सत्ता के दौरान कांग्रेसियों ने सिर्फ नाच-गाना किया। उनके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है।

मंत्री ने कहा कि अब वे विपक्ष की भूमिका में हैं, लेकिन उन्हें मुद्दा नहीं मिल रहा है। जितने काम उनकी सरकार में हुए थे उनमें भ्रष्टाचार हुआ। विरोध करते हैं तो उनकी सरकार का विरोध होगा।

### कांग्रेस ने राजनीति पर की निंदा

***पहले ही लोकार्पित हो चुके प्रवेश द्वार के फिर से लोकार्पण कार्यक्रम की कांग्रेस ने निंदा की है। निवर्तमान महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि 07 जनवरी को लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर निगम की निर्वाचित बॉडी की पूर्ण सहमति थी। भाजपा सांसद और विधायकों के उपलब्ध नहीं होने के कारण 2 बार कार्यक्रम को टाला जा चुका था। उनसे चर्चा कर 7 जनवरी का कार्यक्रम तय किया गया था।***

# शासन की लाभकारी योजनाओं से जुड़ने हेतु आह्वान

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थानखम्हरिया/** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत थानखम्हरिया ने निकाय के वार्ड वासियों से आह्वान किया है कि नगर पंचायत के माध्यम से शासन की बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित होती जाती है , जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से नगर में ऐसे लोग जिनके पास स्वयं की जमीन है किंतु मकान नहीं और योजना अनुसार आवश्य ज़रूरी दस्तावेज उनको आवास योजना का लाभ दिया जाता है , राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत महिलाओं के स्व सहायता समूह का पंजीयन एवं सशक्तिकरण किया जाता है साथ ही छोटे व्यवसायियों हेतु रोजगार को बढ़ाने हेतु ब्याज सब्सिडी में ऋण उपलब्ध करवाया जाता है , पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत निकाय में पंजीकृत या व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओं या छोटे व्यवसायियों को कम ब्याज पर आर्थिक सहायता हेतु बैंकों के माध्यम से 10000रु,20000रु,50000रु ऋण क्रमबद्ध रूप से दिलाया जाता है , स्वच्छ भारत अभियान तहत निकाय में साफ सफाई की व्यवस्था का कार्य किया जाता है जिसका लाभ निदान1100 में ऑनलाइन आवेदन करके लिया जा सकता है डोर टू डोर और कचरा सेग्रीगेशन का कार्य नियमित रूप से निकाय में किया जाता है , मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण , जांच और दवाइयां प्राप्त कर सकते है । उपरोक्त सभी योजना से लाभ लेने हेतु आवश्य दस्तावेज के साथ कार्यालय में संपर्क कर सकते है ताकि अधिक से योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके और लाभ दिलाया जा सके , साथ ही शासन के योजना में तय लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण कर निकाय को शासन स्तर पर गौरवान्वित किया जा सके ।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी

## झुग्गी झोपड़ियों के स्थान पर दिखते हैं अब पक्की छत वाले मकान

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में गरीब कच्चे मकान में रहने वालों को उनके सपनों का पक्का मकान मिल रहा है। नगर पालिक निगम अंबिकापुर में वार्ड नंबर 13 झंझटपारा और वार्ड नंबर 06 खालपारा का स्वरुप आज पूरी तरह बदल गया है। आज से कुछ वर्ष पहले जहां केवल झुग्गी झोपड़ी ही दिखाई देती थी। कच्चे,घास-फूस और तंबू वाले मकानों की जगह आज प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बने सर्वसुविधायुक्त पक्के मकान ने ले ली है। यहां के मेहनत-मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। खालपारा और झंझटपारा के स्लम बस्तियों में कुल मिलाकर 112 आवास स्वीकृत हुए थे, जिसमें से 95 आवास बनकर पूर्ण हो चुके है शेष 17 आवास निर्माणाधीन है।

क्षेत्र के लाभान्वित हितग्राहियों ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी थी कि वे पक्का मकान बनाने में असमर्थ थे।जब कच्चा मकान था तो बहुत समस्या का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में कच्ची छत से पानी गिरता था, दीवारों में सीलन और नमी में रहना मुश्किल था। बचत कर जमा की गई कुछ राशि भी कच्चे मकान के मरम्मत में खर्च हो जाती थी। ऐसे में पक्का मकान निर्माण करना मुश्किल था। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमें और हमारे आस-पड़ोस के गरीब परिवारों को पक्का मकान मिल गया और पूरी बस्ती की रौनक बढ़ गई है।



अम्बिकापुर के खालपारा एवं झंझटपारा की स्लम बस्तियों ने लिया नया रूप

## एक दिन पहले लगी थी ट्रैफिक-अवेयरनेस में नौकरी भिलाई में 3 सड़क-हादसे में 2 लोगों की मौत

ब्यूरो चीफ रतन शर्मा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में 3 अलग-अलग सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। शनिवार सुबह जिम जाते समय RTO उप निरीक्षक की भतीजी को ट्रक ने कुचल दिया। एक दिन पहले ही उसकी ट्रैफिक अवेयरनेस की कंपनी में नौकरी लगी थी। घटना पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र की है। वहीं, कुम्हारी थाना इलाके में नेशनल हाईवे पर शुक्रवार-शनिवार देर रात एक ट्रक ने युवक को रौंद दिया। इधर, भिलाई स्टील प्लांट और एयरफोर्स से रिटायर दीपक कुमार नायक (55) भी सड़क हादसे का शिकार हो गए।

**पहली घटना-** हाईवे से उतरकर ट्रक ने सर्विस लेन पर चल रही युवती को कुचला हादसे में उनका पैर फैक्कर हो गया, शरीर के कई हिस्से में भी चोटें आई है। उनका सेक्टर-9 अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि, उनका एक बेटा और बेटी है, जो किसी काम से भुवनेश्वर गए थे। वो भी सूचना मिलने ही भिलाई पहुंच गए। फिलहाल पुलिस सभी मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, भिलाई-3 में शनिवार सुबह RTO उप निरीक्षक की भतीजी सौम्या तिवारी (23) जिम जा रही थी। इसी दौरान ट्रक ने उसे कुचल दिया। सौम्या हर दिन अपनी मां के साथ पास स्थित जिम में एक्सरसाइज करने जाती थी। लेकिन आज (शनिवार) को वो अकेली जा रही थी। सुबह 5.30 बजे अपने घर से जिम जाने के लिए निकली। इसी दौरान भिलाई-रायपुर हाईवे से उतरकर एक ट्रक ने सर्विस लेन पर चल रही सौम्या को टक्कर मारी और वापस हाईवे पर चला गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर रायपुर की ओर फरार हो गया। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। पुरानी भिलाई पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला के मॉर्चुरी में भेज दिया है। सौम्या ने एक दिन पहले ही ट्रैफिक अवेयरनेस से जुड़े काम करने वाली निजी कंपनी को जॉइन किया था।

### परिजन बोले- यह हादसा नहीं हत्या है

परिजनों का कहना है कि, घटना के कई घंटे गुजर जाने के बाद भी पुलिस गाड़ी का पता नहीं लगा सकी है। उनका कहना है कि, यह हादसा नहीं हत्या है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज खंगालना चाहिए कि, हाईवे से उतरकर सर्विस लेन में खड़ी युवती को उसने टक्कर कैसे मार दिया।

### दूसरी घटना: ट्रक ने युवक को रौंदा

भिलाई-3 में नेशनल हाइवे पर शुक्रवार-शनिवार की देर रात ट्रक ने एक युवक को रौंद दिया। उसके ऊपर से ट्रक गुजर गई। जिससे उसकी जान चली गई। कुम्हारी पुलिस ने उसके शव को सुपेला अस्पताल स्थित मॉर्चुरी में रखा है। युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### तीसरी घटना: रिटायर्ड बीएसपी कर्मी को मारी टक्क र

इधर, भिलाई स्टील प्लांट और एयरफोर्स से रिटायर दीपक कुमार नायक (55) शुक्रवार शाम सड़क हादसे का शिकार हो गए। वो शाम को रिसाली और मरोदा के बीच सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

# भाटापारा, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल भाटापारा में खेल पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि थे श्री एस के सिंह प्राचार्य डी ए वी एमपीएस टिकुलिया भाटापारा, समारोह की अध्यक्षता की श्री आलोक मिश्रा जी ,पूर्व सदस्य, श्रम कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन, श्री राजीव बाटवे ,अध्यक्ष एवं श्रीमती अंजलि बाटवे, कोषाध्यक्ष, श्री दीपक बेडेकर उपाध्यक्ष श्री साईं समिति, प्राचार्या एवं सचिव श्री साईं समिति के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्य म का शुभारंभ किया गया।




शाला प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हने ने अतिथियों के स्वागत उद्बोधन में वार्षिक खेलकूद एवं राष्ट्रीय स्तर से ब्लॉक स्तर तक की खेल उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। इस वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के 435 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

विद्यालय के खिलाड़ियों ने समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर,संभाग स्तर, जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर कई सफलता के परचम लहराये। 7 से 12 दिसंबर तक जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में आर्चिस विभा कोसले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोरबा में 22 से 28 दिसंबर में आयोजित नेशनल लेवल नेटबाल प्रतियोगिता में अमन यदु, निखिल साहू कक्षा सातवीं,धनेंद्र पंसारी कक्षा आठवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आस्था जायसवाल कक्षा आठवीं की योग में जिला स्तर पर विजेता रही। प्राची साव, अन्नू पाल,चैताली देवांगन, खनक यादव,गौरी सिंह कक्षा सातवीं, रूद्र दास,मो अमान कक्षा छठवीं योग में ब्लॉक स्तर पर विजेता रहे। श्रेया साहू, प्रांशु जायसवाल कक्षा आठवीं ने जूडो में ब्लॉक स्तर पर विजेता रहकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खो-खो में अन्नू पाल कक्षा सातवीं ने ब्लॉक स्तर पर विजेता रहकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सोमाक्ष वर्मा कक्षा सातवीं ने क्रिकेट में जिला स्तर तक खेल कर शाला का गौरव बढ़ाया। कात्यायनी सिंह चौहान, वरुण सोनी, समर रजक कक्षा आठवीं,तनुश्री चौहान कक्षा छठवीं की कराटे में ब्लॉक स्तर पर विजेता रही।




इसी खेल सप्ताह के समापन समारोह में सभी विजेताओं, उप विजेताओं और विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिसके अंतर्गत 28 विशेष उपलब्धि अवार्ड, 27 शील्ड अवार्ड ,अतिथियों के करकमलो द्वारा वितरित किए गए। थ्रो बाल में बेस्ट सर्विस का पुरस्कार श्रेया भगत,भावेश सेन,आकृति गुप्ता, मनीष पाल, खो-खो में बेस्ट कैचर गुंजन ध्रुव, नागेंद्र मरकाम आर्चिस विभा कोसले, निखिल साहू, कबड्डी में बेस्ट राइडर निखिल ध्रुव, बेस्ट डिफेंडर शिवम यदु, बैडमिंटन में बेस्ट सर्विस नागेंद्र मरकाम, हनी ध्रुव, यांशु साहू और साक्षी बघेल को दिया गया। बेस्ट स्पोर्ट्स बॉय का पुरस्कार निखिल साहू तथा बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल का पुरस्कार आर्चिस विभा कोसले को दिया गया।

इस अवसर पर सत्र 23 24 के शैक्षणिक पुरस्कार विशिष्ट अतिथि और श्री साईं समिति पदाधिकारियो द्वारा प्रदान किए गए। जिसमें कक्षा नर्सरी से प्रथम स्थान ईश शाह, इशित शाह, तृतीय स्थान तान्या साहू, कक्षा जूनियर एल के जी में प्रथम स्थान अंकित सेन, भव्य साहू, तृतीय स्थान प्रभास साहू, कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान अंबिका चक्रवर्ती,द्वितीय स्थान आराध्या कुमारी, तृतीय स्थान ओम साहू, विवान , जितेंद्र वैद्य,कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान हिमेश कवर द्वितीय स्थान सुरभि महोबिया,

तृतीय स्थान जास्मीन मुल्ला व दामिनी यादव, कक्षा पहली में प्रथम स्थान हिमाक्ष साहू,द्वितीय स्थान धैर्य केसरवानी,तृतीय स्थान सार्थक सोनी, कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान ठाकुर राम साहू, द्वितीय स्थान दीपराज चतुर्वेदी, तृतीय स्थान सुरभि सोनी, कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान जीविका साहू, द्वितीय स्थान विद्या देवांगन, तृतीय स्थान मनीष कुमार साहू, कक्षा चौथी में प्रथम स्थान मयूरी चतुर्वेदी,द्वितीय स्थान रोहन कुमार साहू, तृतीय स्थान पूर्वी वैष्णव, कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान हर्ष साहू, द्वितीय स्थान रूद्र दास, शुभम कुर्रे,कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान सोनाली माईती,द्वितीय स्थान शुभम साहू, तृतीय स्थान गणेश कुमार, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान आकृति गुप्ता, द्वितीय स्थान रोशनी साहू,तृतीय स्थान सांची वर्मा,कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान जागृति वर्मा द्वितीय स्थान खनक दास,तृतीय स्थान पोशिका वर्मा को मिला। सत्र 24- 25 के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्रत्यूष साहू को दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री एस के सिंह जी ने कहा कि मॉडर्न इंग्लिश स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मजबूत मूल्यो के लिए जाना जाता है। यह प्रत्येक छात्र को अपनी क्षमता का एहसास करने और अपने सपनों को हासिल करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

इस विद्यालय के होनहार विद्यार्थी भाटापारा के बड़े स्कूलों में आसानी से प्रवेश पा लेते हैं जिसमें से मेरा स्कूल भी है। यहां उनका सर्वांगीण विकास होता है तत्पश्चात अतिथियों को भेट स्वरूप स्मृति चिन्ह विद्यालय व समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए।

इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका प्रारंभ गणेश वंदना व सरस्वती वंदना नृत्य के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के द्वारा पानी बचाओ, ज्ञानवर्धक बातें, पिता के महत्व, गरीबों की पुकार, खेलों का महत्व, स्कूल जीवन आदि पर आधारित शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दी गई,जिसमें कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के 460 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। अंत में आभार प्रदर्शन हेतु शाला प्रभारी श्रीमती अलका गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।






# भाटापारा शहर में 116 लोगों के चेहरे पर शासन ने मुस्कान बिखेरी

## 116 पक्के आवास मिल जाने पर लोग हुये खुश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र मे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र मे तेजी से कार्य किये जा रहे है। इसी कड़ी मे नगर पालिका भाटापारा प्रशासन द्वारा शहर क्षेत्रांतर्गत एक वर्ष के दौरान 116 परिवारों को पक्के व सुविधायुक्त मकान उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र के अंतर्गत सभी हितग्राही जो शहरी क्षेत्र मे पात्र है उनमे से 116 परिवारो को अब कच्चे व खपरैल मकान से मुक्त मिल चुकी है तथा उन्हे पक्का आवास उपलब्ध कराया जा चुका है, भारत सरकार एवं छत्तीसगढ शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक मोर जमीन मोर मकान के अंतर्गत हितग्राहियों को शासन की मंशा के अनुरूप पक्के आवासगृह उपलब्ध कराने की दिशा मे जमीनी स्तर पर ठोस कार्यवाही करते हुये नगर पालिका परिषद भाटापारा के द्वारा एक वर्ष की अवधि मे 116 हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराये गये है वे सभी हितग्राही जिनकी संख्या शहर मे 116 थी पहले वे टूटे फू टे कच्चे मकान मे निवासरत थे विशेषकर बरसात के मौसम मे इन कच्चे व टूटे फू टे मकानो मे रहने वाले परिवारो को काफ ी मुश्किलो का सामना करना पड़ता था वहीं प्रतिवर्ष कच्चे मकान की मरम्मत पर भी बहुत ज्यादा रकम



अनावश्यक रूप से मरम्मत करने मे उन्हे होता था। शासन की मंशा के अनुरूप भाटापारा पालिका प्रशासन ने इन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र के बीएलसी घटक के अंतर्गत चयनित करते हुये शासन के द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि दो लाख 28 हजार रूपये चार किस्तो मे उपलब्ध कराई तथा पक्के मकान बनाने की दिशा मे उन्हे निर्धारित समय पर सभी किस्मो का आबंटन दिया गया। जिससे उन्हे मकान निर्माण मे प्रोत्साहन मिला जिसके परिणाम स्वरूप भाटापारा शहर क्षेत्र मे पिछले एक वर्ष के दौरान 116 नग पक्का आवास उपलब्ध हो पाया है। उपरोक्त जानकारी पालिका अधिकारी जफ र खान ने दी है।

# मंडी में महामाया नया धान ने फिर छलांग लगाई 3 हजार रूपये प्रति क्विंटल बिका

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे शुक्रवार को एक बार फि र महामाया नया धान ने बिक्री का नया रिकार्ड बनाते हुये 3000 रूपये प्रति क्विंटल पर बिककर किसानो को गदगद कर दिया। मंडी प्रांगण मे महामाया धान जहां 3000 हजार रूपये प्रति क्विंटल पर बिक्री का रिकार्ड बनाया वहीं विष्णु भेग धान को भी जबरदस्त उछाल के साथ भाव मिला और वह 5086 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका, विष्णु भेग ईनम धान 4851 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका, श्री राम ईनम धान भी 3141 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया, एचएमटी धान 2760 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, महामाया ईनम धान 2961 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, मोटा मिक्स धान 2260 रूपये व सरना धान 2250 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका। मंडी



प्रांगण मे कोदो की भी भरपूर आवक हुई और वह 2250 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, गेहूं 2835 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका वहीं चना 5460 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, तिवरा 4930 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, मसूर 5600 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च स्कोर पर बेचा गया, बटरी 4800 रूपये तथा सरसो 5190 रूपये प्रति क्विंटल के सम्मानजनक भाव पर बेचा गया। मंडी प्रांगण मे जहां प्रदेश की अन्य मंडियो मे गांव गांव मे सोसायटी खरीदी होने के कारण सन्नाटा पसरा है वहीं भाटापारा मंडी मे विभिन्न क्षेत्रो मे सोसायटी खरीदी के बावजूद मंडी प्रांगण मे धान व उन्हारी जींसो की अच्छी कीमत मिलने के कारण दूर दराज के जिले बिलासपुर, मुंगेली, बेमेतरा, सारंगढ–बिलाईगढ, महासमुंद, चांपा जांजगीर, रायपुर, कवर्धा व सक्ति सहित अन्य जिलो के दूर दराज से आये किसानो ने अपनी उपज का अच्छा भाव प्राप्त किया व हंसी खुशी अपनी उपज बेच त्वरित चुकारा प्राप्त कर अपने गांव की ओर लौट गये।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चालन के समय हेलमेट व सुरक्षा बेल्ट जरूरी किया गया

**भाटापारा।** छत्तीसगढ शासन के मुख्य सचिव ने शासन के समस्त विभाग प्रमुख, राजस्व मंडल के अध्यक्ष, तमाम संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व पुलिस महानिरीक्षक को पत्र प्रेषित कर प्रदेश मे बढ रहीं सड़क दुर्घटना को मद्देनजर रखते हुये तमाम शासकीय सेवको के लिये वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करना तथा चैपहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य कर दिया है। मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश मे कहा गया है कि प्रदेश मे लगातार बढती हुई सड़क दुर्घटना चिंता जनक है इस सड़क दुर्घटना मे शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मृत्यु तथा गंभीर रूप से घायल होने की दुखद घटनायें लगातार प्रकाश मे आ रहीं है। मोटरयान संशोधन अधिनियम 2019 मे वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग के प्रावधान के आलोक मे समस्त वाहन चालको द्वारा धारण किया जाना अनिवार्य किया गया है। शासकीय सेवको द्वारा स्वयं परिवारजन एवं जन सामान्य की सुरक्षा के साथ साथ नियमो के पालन को सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने दिये है। संपूर्ण प्रदेश मे कार्यरत समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय अधिकारी कर्मचारी वाहन चालन के समय मे अनिवार्य रूप से सुरक्षा हेतु अनिवार्य हेलमेट का प्रयोग करें।



### छाबड़ा ने विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया

**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य सिक्ख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण बंटी छाबड़ा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुये उन्हे साधुवाद प्रेषित किया है। छाबड़ा ने बताया कि विष्णुदेव साय के प्रयास से सिक्खो के गुरू गोविंद सिंग और वीर साहबजादे बाबा जोरावर सिंग और बाबा फ तेह सिंग के वीर गाथाओं एवं अमर बलिदान की कहानी को छत्तीसगढ के स्कूल पाठयक्रम मे शामिल कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। बाबा फ तेह सिंग व बाबा जोरावर सिंग की वीरता की कहानी से प्रदेश के नई पीढी को उनके आदर्शो मे चलने का प्रेरणा प्राप्त होगा वीर बाल दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का निर्णय प्रशंसनीय है। यह विदित रहे कि बाबा जोरावर सिंग व बाबा फ तेह सिंग दुनिया के सबसे कम उम्र के बलिदानी है वे मृत्यु के सामने भी धर्म पर अड़िग रहे ऐसे वीर बलिदानी की व्यक्तित्व एवं कृतित्व को पाठयक्रम मे जोड़ने से लोगों को एक प्रेरणा उत्साह व नई शिक्षा का संदेश प्राप्त होगा।



# व्यक्तित्व निर्माण पर कार्यशाला में हेमंत पटेल शामिल हुये

**भाटापारा।** स्थानीय नगर पालिका कन्या स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम देवरी मे कवच आत्मसुरक्षा व्यक्तित्व निर्माण स्वास्थ्य जागरूकता के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान नगर के युवा समाज सेवी अरूण बंटी छाबडा ने तमाम छात्राओं को स्वेटर वितरित किया। उक्त अवसर पर डाक्टर आशीष जीवनमल व डाक्टर पूनम आडिल ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान की। वहीं यातायता प्रभारी हेमंत पटेल ने सड़क यातायात मे सुरक्षित वाहन चालन पैदल चालन हेलमेट पहनने के लाभ वाहन चालन के दौरान सिग्नल का ध्यान रखने वाहन के कागजात व बीमा कराने के फ ायदे के साथ साथ अन्य आवश्यक जानकारी को साझा किया। कार्यक्रम मे वीणा साहू ने आत्मसुरक्षा व व्यक्तित्व निर्माण के संबंध मे प्रकाश डाला, रघुनाथ प्रसाद पटेल ने कवच सारांश समझाया, उपरोक्त कार्यक्रम मे 540 बच्चों ने भाग लिया जिसमे ज्यादातर छात्राओ ने उत्साह के साथ सभी कार्यक्रम को सुना व अपने जिज्ञासा के अनुरूप सवाल भी पूछे कार्यक्रम मे अनिता छाबड़ा, गायत्री आडिल, पूजा अग्रवाल, पूर्वांश छाबड़ा, सुधीर मिश्रा, आलोक मोदी, स्वरूप अग्रवाल, सुनील दुबे, अनिल जायसवाल सहित अनेक स्कूलों के शिक्षक प्राचार्य प्रधान पाठक व शिक्षिका एवं पालकगण उपस्थित थे।



# डबल इंजन की सरकार में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा - शिवरतन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विधानसभा के ग्राम मल्दी में लाखो रुपये के विकास कार्यों सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण एवं रंगमंच निर्माण कार्य के लिये भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही क्षेत्र के ग्राम टोनाटार में बने यादव समाज भवन एवं रंगमंच का लोकार्पण कर ग्रामवासियो को समर्पित किया शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियो को सम्बोधित करते हुए छेरछेरा की भी बधाई दी और कहा की यह सौगात क्षेत्र के समग्र विकास और प्रगति की नई दिशा तय करेगी। भाजपा की सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण, स्वावलंबन, खेल के साथ ही कृषि व कृषक कल्याण के लिये अभूतपूर्व कार्य कर रही है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि, डबल इंजन की सरकार में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए हम विजन 2047 छत्तीसगढ़ के अंतर्गत विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के होने से जनता को सुविधा के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होता है। हम विधानसभा को विकसित और जनसुविधा युक्त क्षेत्र बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ गये थे, लेकिन आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ एक बार फिर से विकास के रास्ते पर कार्य तेजी से हो रहे हैं। जनता को सरकार की हर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में डबल इंजनों की सरकार द्वारा निर्मित ही आवास योजना से जनता को पक्के आवास मिल रहे हैं, किसानों को उनका अधिकार मिल रहा है, युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं हैं, महिला सशक्तिकरण का प्रयास जारी है, महतारी वंदन का लाभ प्राप्त हो रहा है और हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान का उपहार मिल रहा है। यह सभी भाजपा के साफ और सही नियत के उद्देश्य को निर्धारित करता है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। उक्त अवसर पर प्रमोद शर्मा, पवन वर्मा, भेला वर्मा, राकेश वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, शशि शुक्ला, स्वाति वर्मा व पवन साहू सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्त्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया



भाटापारा। युवा दिवस के मौके पर स्वामी विवेकानंद जयंती का कार्यक्रम स्थानीय शासकीय गजानंद महाविद्यालय मे मनाया गया। उक्त अवसर पर विद्यार्थी परिषद के तमाम सदस्यों ने विवेकानंद की प्रतिमा पर मार्ल्यापण करते हुये उनके आचार विचार पर चलने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर आशीष पुरोहित, डॉली साहू, मेहुल वर्मा, राजीव मिर्झा के साथ साथ महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी कार्यकर्ता, एनसीसी कैडेट एवं अन्य लोग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी सोमेश सिन्हा ने दी है।

# पालिका चुनाव में वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को नामांकन दाखिल करने के दौरान जमानत राशि जमा करना होगा

**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद के लिये होने वाले आगामी चुनाव मे अब वार्ड पार्षद एवं पालिकाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को चुनाव मे कूदने के पहले नामांकन दाखिल करने के दौरान जमानत राशि जमा करनी होगी जब तक जमानत राशि जमा नहीं होगी तब तक कोई भी व्यक्ति वार्ड पार्षद एवं पालिकाध्यक्ष का प्रत्याशी नहीं बन सकेगा। उक्त पालिका चुनाव के समय पार्षद पद के चुनाव लडने वाले व्यक्ति को तीन हजार रूपये तथा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लडने वाले को 15 हजार रूपये की जमानत राशि जमा करना होगा। चुनाव मे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछडा वर्ग के प्रत्याशी को सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों की तुलना मे आधी रकम जमा करना होगा यदि कोई महिला या पुरूष प्रत्याशी एक से अधिक नामांकन दाखिल करते है तो उसे एक ही बार जमानत राशि देना होगा जमानत राशि नगद रूप से सहायक रिटर्निंग आफि सर व रिटर्निंग आफि सर के पास जमा कराना होगा प्रत्याशियो द्वारा नामांकन दाखिल करने के पहले चालान के माध्यम से भी राशि जमा कराया जा सकेगा साथ हीं राशि जमा कराने की रसीद को नामांकन के साथ संलग्न करना होगा। नगरीय निकाय चुनावी प्रक्रिया के मतदाता सूची की शाफ्ट कॉपी सीडी मे लेने के लिये 100 रूपये शुल्क चुकाना होगा वहीं मतदाता सूची देखने के लिये 2 रूपये शुल्क देना होगा पालिका चुनाव मे अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को 10 हजार रूपये की राशि देना होगा गत चुनाव की तुलना मे नामांकन राशि बढाने के पीछे बेवजह नामांकन दाखिल करने वालो की भीड को रोकना मुख्य वजह बताया गया है।




## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिभावान सम्मान समारोह में रविकांत वर्मा सम्मानित

**भाटापारा।** छत्तीसगढ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई द्वारा आयोजित प्रतिभावान सम्मान समारोह एवं रंगमंच सह भवन एवं व्यवसायिक परिसर के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कर कमलों से लोकार्पण कार्यक्रम सम्मान हुआ। प्रतिभावान सम्मान में व्याख्याता रविकांत वर्मा को पूरे प्रदेश में बी.एड.गोल्ड मेडलिस्ट होने पर पूर्व मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष खोडस राम कश्यप विशिष्ठ अतिथि विधायक इन्द्र साव, हरिराम वर्मा, भुनेश्वर वर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दीपक टिकरिहा, जितेन्द्र नायक, तेजराम वर्मा, रमेश वर्मा, कृष्ण वर्मा, प्रशांत वर्मा, मोहन वर्मा, डेविड वर्मा, संदीप परगनिहा, हेमंत वर्मा व भूपेंद्र वर्मा सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।



### सफाई व्यवस्था देखने निकले पालिका अधिकारी स्वयं नगर में

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका मे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पालिकाधिकारी जफ र खान ने सफ ई व्यवस्था का मोर्चा स्वयं संभालते हुये पूरे शहर मे सफ ई व्यवस्था को बेहतर करने कार्य शुरू कर दिये है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के मंशा के अनुरूप भाटापारा क्षेत्र मे साफ सफ ई व्यवस्था मे बेहतर ध्यान दिया जा रहा है जिसके फ लस्वरूप जगह जगह बिखरे कचरे को समेटने के साथ आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्रो मे निस्तार हेतु बनाई गई नालियो समेत जीवीपी पॉइंट के सफ ई कार्यो एवं स्वच्छता दीदीयो के द्वारा डोर टू डोर किये जा रहे कचरा कलेक्शन कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पालिका अधिकारी ने स्थानीय लोगों से निर्धारित स्थल व कचरा गाडी मे हीं कचरा डालने की अपील की व नागरिको से सफ ई व्यवस्था को बेहतर बनाने सुझाव भी मांगे गये है।



### नगर पालिका चुनाव ईवीएम से होने की संभावना

**भाटापारा।** भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष व 31 वार्डो के पार्षद का पद चुनाव अब ईवीएम से कराये जायेंगे इसके पहले पालिका चुनाव बैलेट पेपर से होते आया है बैलेट पेपर से चुनाव होने पर चुनाव परिणाम मे होने वाले विलंब को ध्यान मे रखते हुये ईवीएम से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। आगामी 15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के पश्चात चुनाव तिथियों की घोषणा होने की भरपूर संभावना है। राज्य शासन ने ईवीएम से चुनाव कराने के संबंध मे प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजने का फै सला किया है। आयोग के परीक्षण के पश्चात विधि विभाग की अनुमति मिलने के पश्चात अध्यादेश जारी होगा।



### भाटापारा में 20 व 21 जनवरी को लर्निंग लायसेंस शिविर

**भाटापारा।** जिला पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत लर्निंग लाईसेंस बनवाने के लिये विभिन्न तिथियों मे शिविर का आयोजन अलग अलग स्थानो पर किया गया है आगामी 18 व 19 जनवरी को करहीबाजार तथा 20 व 21 जनवरी को थाना भाटापारा क्षेत्र मे सुबह दस बजे से चार बजे तक लर्निंग लाईसेंस बनाये जायेंगे इस हेतु लर्निंग लाईसेंस बनवाने के इच्छुक लोगों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट, कलर फ ोटो एक नग व निर्धारित शासकीय शुल्क के साथ उपस्थित होने की अपील की है।

# छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी एकदिवसीय सरगुजा दौरे पर कांग्रेस के कार्यकाल के साथ पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव पर भी साधा निशाना

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर पहुंचे प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी स्वामित्व योजना के कार्यक्रम में शामिल हुए इसके बाद मीडिया से चर्चा की, इस दौरान वित्त मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधा और नक्सलवाद ,सहित बीएड धारी सहायक शिक्षको को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है,पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, और प्रदेश को विकास के नए अध्याय जुड़ने की बात कही है,,

– दरअसल प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी एक दिवस से प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल हुए इसके बाद मीडिया से चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बताया कि पिछले पांच सालों में जिस प्रकार की अव्यवस्था कांग्रेस की सरकार में रही उससे छत्तीसगढ़ को मुक्ति मिली है, और विकास ने नए अध्याय जुड़ने की बात कही है, प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव को लेकर वित्त मंत्री ने बताया कि टीएस सिंह देव के स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए मेडिकल कॉलेज भवन के निर्माण के लिए अतिरिक्त 109 करोड़ की राशि कांग्रेस सरकार ने उन्हें नही दी थी, वहीं अब प्रदेश में भाजपा की सरकार के द्वारा इसे पूरा करने के लिए राशि रिलीज कर दी गई है साथ ही मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के लिए जो राशि प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव को हेल्थ मिनिस्टर रहते हुए कांग्रेस की सरकार ने नहीं दिया था जिसके लिए भाजपा सरकार के द्वारा 50 करोड़ की राशि जारी करने का काम किया है, वही प्रदेश की भाजपा सरकार सरगुजा और बस्तर सहित प्रदेश के विकास के




लिए बेहतर कार्य कर रही है

– बस्तर में नक्सलवाद को लेकर वित्त मंत्री ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री के द्वारा सभी लोगो को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आवाहन किया है,और बस्तर के लिए एक नई सद्भावना का उदय होने के साथ बस्तर के युवा और व्यवसाई ,किसान नई ऊर्जा के साथ विकास में आगे बढ़ रहे हैं और पर्यटन के क्षेत्र में आने वाले दिनों में बस्तर पूरे देश और दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान के रूप में उभरने की बात कही है ,

– वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी को लेकर वित्त मंत्री ने बताया की कवासी लखमा को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोहरे के रूप मे इतेमाल किया है, और कानून के हाथ बहोत लंबे है, जो मुख्य षडयंत्र कर्ता तक भी जरूर पहुंचेंगे

– इधर बीएड धारी सहायक शिक्षकों के द्वारा वित्त मंत्री के रायपुर निवास का घेराव किया गया है, जिसको लेकर वित्त मंत्री ने बताया की इस मामले पर शिक्षा विभाग कम कर रहा है जिसके लिए सीएस की अध्यक्षता में कमेटी बनी हुई है, इसको लेकर जब हाई कोर्ट में निर्णय आया था तब भाजपा सरकार के द्वारा इन्हें बचने सुप्रीम कोर्ट तक पहुची और एसएलपी दायर किया था, वहीं बीएड धारी सहायक शिक्षकों के लिए हर संभव प्रयास करने की बात भी वित्त मंत्री ने की है

# सरगुजा दौरे पर ओपी चौधरी वित्तमंत्री को कृषि छात्रों ने घेरा



ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

सरगुजा। –एक दिवसीय सरगुजा दौरे पर पहुँचे छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी को कृषि छात्रों ने घेर लिया और वैकेंसी निकालने की बात कहते हुए नारे लगाए गए। जहां वित्त मंत्री चलते बने। दरसअल छत्तीसगढ़ में 2025–26 वार्षिक कैलेंडर में उद्यानिकी विभाग के लिए एक भी परीक्षा व्यापम में नही जोड़ा गया है। पिछले 8 सालों से कृषि विभाग में भर्ती नहीं निकलने की वजह से कृषि की पढ़ाई कर चुके छात्र परेशान है। इधर जब कृषि छात्रों ने वित्त मंत्री से ज्ञापन सौंप कर वैकेंसी निकालने की बात कही तो उन्होंने अपने घर में आने की सलाह दी और उद्यानिकी सीखने की बात कह डाली। जिससे कृषि छात्र काफी नाराज नजर आए और वित्त मंत्री के जाने के दौरान कृषि छात्रों ने नारेबाजी करते हुए वैकेंसी निकलने की बात कही है, क्योंकि 6 साल की पढ़ाई करने के बावजूद भी कृषि विभाग में वैकेंसी नहीं निकलने पर छात्र परेशान है। इधर वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गों का ध्यान रख रही है। आने वाले समय में सभी लोगों का और बेहतर ढंग से ख्याल रखा जाएगा।



# शहर में फिर पसरा चहुं ओर गंदगी व कूड़ा करकट, लोग हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे एक बार फि र सफ ाई व्यवस्था लडखड़ा गई है लगभग 16 किलोमीटर क्षेत्रफ ल मे फै ले भाटापारा नगर पालिका के विभिन्न चैक चैराहे गलियों मे जगह जगह फि र से गंदगी का माहौल दिखने लगा है सबसे ज्यादा गंदगी व कूडा करकट कचरो का ढेर हटरी बाजार स्थित पुराना रेल्वे अंडरब्रिज के पास नजर आ रहा है जहां से आना जाना भी अब मुश्किल काम हो गया है उस इलाके मे गंदगी व बदबू के नाम से जहां एक ओर लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है वहीं कचरो का फै लाव सड़क व गलियों तक होने से ऐसा प्रतीत होता है कि नगर मे यदि कही सर्वाधिक गंदगी है



तो वह हटरी बाजार क्षेत्र मे है इसी प्रकार के हालात शहर के अनेक हिस्सों मे देखने को मिल रहा है सदर बाजार, भगत सिंग वार्ड, नेहरू वार्ड, नयागंज वार्ड, महावीर वार्ड कुछ ऐसे चिन्हित वार्ड बन गये है जहां लचर सफ ाई व्यवस्था के कारण गंदगी व कचरो का ढेर लगना आम बात बन गई है उपर से इन कचरो के ढेर पर आवारा मवेशियो पशुओ एवं कुत्तो के बढते आतंक से इस क्षेत्र के नागरिक हलाकान है पालिका प्रशासन द्वारा आवारा कुत्तो व मवेशियो के उत्पात को रोकने की दिशा मे अब तक ठोस धर पकड़ अभियान नहीं प्रारंभ किया गया है जिससे सड़क व गलियो मे दर्जनो की संख्या मे दौड़ते गाय बैल भैंस सांड लोगों के लिये परेशानी का सबब बने हुये है। पालिका क्षेत्र मे रेल्वे स्टेशन से रेल्वे माल धक्का की ओर जाने वाली सड़क के दोनो छोर पर कचरो का अंबार लग जाने से आवाजाही मे भी दिक्कत हो रहीं है इसी प्रकार के हालात कृषि उपज मंडी के समीप स्थित पुराने बस स्टैड मे भी देखने को मिल रहा है जनहित मे सफ ाई व्यवस्था को दुरूस्त करने जिला प्रशासन छापामार शैली मे पालिका प्रशासन को चुस्त दुरूस्त करने शीघ्र कदम उठावे।

# गौवंशो की रक्षा करना अब परम आवश्यक है- पं हरिहर प्रसाद तिवारी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** कचहरी पारा में श्री राधे कृष्णा महिला मण्डली द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस पर कथा व्यास पं. हरिहर प्रसाद तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्रों की मनोरम कथा सुनाई। उन्होंने पुतना उद्धार, माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन, ब्रह्म मोह, गौ–चारण, गोवर्धन पूजन, रास–महारास, कंस वध, और कृष्ण–रुक्मणी विवाह की दिव्य कथाएं सुनाकर श्रोताओं को भाव–विभोर कर



दिया। कथा के दौरान पं. तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन से गौ सेवा का महत्व दर्शाया है। उन्होंने गौवंश को माता मानकर उनकी रक्षा और सेवा की, जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वर्तमान समय में गौवंशों पर हो रहे अत्याचार पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने समाज से गौ संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उपस्थित होकर कथा श्रवण किया और श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान किया। श्रद्धालु भक्तों का उत्साह और भक्ति भावना पूरे आयोजन में देखने लायक थी। श्रीमद्भागवत कथा का यह आयोजन 23 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक कचहरी पारा, बेमेतरा में जारी रहेगा।

## दावेदार अब खुलकर सामने आकर पार्टी की टिकट मांगने लगे हैं

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने बिगुल फूंका

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने बिगुल फूंक दिया है। पार्टी संभावित जिताऊ प्रत्याशी के चयन में लग गयी है वहीं दावेदार अब खुलकर सामने आकर पार्टी की टिकट मांगने लगे हैं।





16 जनवरी को स्थानीय भुनेश्वरलाल सालिकराम सिंघानिया अग्रसेन भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गयी। बैठक में अनुसूचित जाति प्रदेश महामंत्री एवं पर्यवेक्षक दयावंत बांधे ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। श्री बांधे ने आगामी चुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने का मापदंड बताते हुए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, पार्षद, अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुये कहा कि पद सीमित है लेकिन दावेदार अधिक हैं इस स्थिति हमें पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता के नाते पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में पूरी ऊर्जा लगानी है। हमारे लिये व्यक्ति नहीं पार्टी का आदेश शिरोधार्य है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित नगर के सभी 15 वार्डो में कमल खिलाना हैं। हमारे कार्यकर्ता ठान लें तो कांग्रेस की जमानत तक जब्त हो सकती है। नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में सरपंच पदों के लिए समर्पित व निष्ठावान लोगों का चयन करने अलग-अलग पर्यवेक्षक बनाए गए हैं सभी पर्यवेक्षक अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। जीतने लायक प्रत्याशियों का पैनल तैयार करके 18 जनवरी तक पार्टी को सौंपेंगे। कोर कमेटी गुण दोष के आधार पर किसी एक नाम का चयन कर उसे उम्मीदवार घोषित करेगी। श्री बांधे ने कहा मोदी की गारंटी एवं विष्णुदेव के सुशासन के चलते जनता में भाजपा का अच्छा प्रभाव है इन चुनाव में अच्छे प्रत्याशी उतारे तो सभी मोर्चे पर हमारी जीत निश्चित है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जो सपना है पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने का आगामी नगरीय निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में हम सब उसे साकार करने संकल्पित हैं। विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जैसा परफार्मेंस छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिला था जनता जनार्दन का वही विश्वास हम फिर अर्जित करेंगे। नगर विकास को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर सुरेश सिंघानिया, परमेश्वर वर्मा, पूरन कश्यप, अनिल सिंघानिया, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, चंदन अग्रवाल, चेतन सिन्हा, दौलत नाथ योगी, आदर्श जोशी, लोकनाथ पटेल, रामसनेही नामदेव, बसंत साहू, रोहित राजपूत, विजय शर्मा, मनीष सेन, विकास सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, राहुल छाबड़ा, कपिल साहू आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किसानों से धान खरीदी पर कमीशन लिया जा रहा है

संवाददाता दिलीप टण्डन

**धमधा।** एक तरफ सरकार किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रही है, वहीं दूसरी तरफ उन्हीं किसानों से धान क्रय केंद्रों पर धान बेचने पर कमीशन लिया जा रहा है। यह मामला दुर्ग जिले के धमधा धान खरीदी केंद्र का है।

दरअसल, किसानों ने आरोप लगाया है कि, केंद्र में धान तौलाने के एवज में हर बोरे पर 5-10 रुपए लिया जा रहा है। किसानों ने यह बात वीडियो में कहा है, लेकिन धान खरीदी केंद्र के जिम्मेदार इसे मानने के लिए तैयार नहीं है।

धान खरीदी केंद्र धमधा के समिति प्रभारी अजय कुमार ताम्रकार और सुपरवाइजर संजय दल्लीवार इसे मजाक में ले रहे हैं। उन्होंने यह दावा किया कि धान बेचने के एवज में किसान से कोई कमीशन नहीं लिया जा रहा है। अगर किसान अपनी खुशी से धान तौलने वाले को रुपए दे रहा है, तो वो क्या कर सकते हैं।

### पैसे नहीं देने पर कम तौल

जबकि धान खरीदी केंद्र की जमीनी हकीकत यही है कि, वहां उसी किसान का धान सही से तौला जाता है, जो तौल करने वाले को प्रति बोरा 5-10 रुपए के एवज रुपए देता है। पैसे



नहीं देने वाले किसान को या तो तौल के लिए कई घंटे या दिन इंतजार कराया जाता है या फिर उसकी तौल सही से ना करते हुए कम तौला जा रहा है।

### हर दिन 20-30 हजार रुपए की कमाई

धमधा विकास खंड मुख्य-रूप से खेती किसानी वाला क्षेत्र है। यहां धान खरीदी केंद्र में हर दिन 3-4 हजार क्विंटल धान बेचने के लिए किसान पहुंच रहे हैं। उनसे हर बोरे के पीछे 5-10 रुपए कमीशन लिया जा रहा है। इस तरह देखा जाए तो इस धान खरीदी केंद्र के लोग हर दिन किसानों से 20-30 हजार रुपए वसूल रहे हैं।

### धान के वजन से कम तौल

धमधा धान खरीदी केंद्र कमीशन लेने के साथ-साथ वजन से कम धान की तौल भी की जाती है। समिति के लोगों का कहना है कि, शासकीय नियम के मुताबिक उन्हें प्रति बोरे के पीछे 600-700 ग्राम वजन एक बोरा धान की तौल में कम करना है, लेकिन बोरा पुराना बताकर यहां 900 ग्राम से 1 किलोग्राम तक धान कम तौला जा रहा है।

### तौल, भराई और सिलाई का काम करना है निशुल्क

नियम के मुताबिक, हर धान खरीदी केंद्र में सरकार ने इतनी व्यवस्था की हुई है कि किसानों को पीने के पानी से लेकर बैठने आदि जैसी समस्या का सामना ना करना पड़े। इतना ही नहीं खरीदी केंद्र में धान की तौलाई से लेकर उसकी भराई और सिलाई का कार्य वहां कर्मचारियों द्वारा निशुल्क किया जाता है। इसके लिए किसान से कोई राशि नहीं ली जानी है।

### जल्दी तौल का नंबर आने के चलते किसान दे रहे कमीशन

कुछ किसानों से बात की गई, तो उन्होंने यह भी कबूल किया वो लोग प्रति बोरा के पीछे कमीशन दे रहे हैं। वह इसलिए क्योंकि यदि वो कमीशन नहीं देंगे तो उनकी तौल काफी देर से आएगी। इसलिए जल्दी तौल कराने के चक्कर में किसान पैसे भी दे रहे हैं।

# भाटापारा पालिका चुनाव को लेकर चढ़ा चुनावी बुखार, अनेक नाम तैर रहे है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नगर पालिका मे सन 2025 के पहले पिछले 20 वर्षो मे बीते पांच वर्ष मे पिछडा वर्ग के कोटे से सुनीता गुप्ता पालिकाध्यक्ष रहीं है इसके पहले पिछले 15 वर्षो मे पालिकाध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति के कब्जे मे रहा जिसके तहत भाजपा के मोहन बांधे पालिकाध्यक्ष के रूप मे काबिज रहे उनके पहले कमला धनसाय हरबंश पालिकाध्यक्ष रहीं और उसके पहले ओमप्रकाश रात्रे भाजपा की ओर से निर्वाचित पालिकाध्यक्ष पद पर आसीन रहे इस तरह पूरे 20 वर्षो के बाद भाटापारा पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर अब सामान्य वर्ग के निर्वाचित अध्यक्ष के बैठने का मार्ग प्रशस्त हुआ है वर्तमान मे शासन द्वारा नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नये नियम कानून के तहत पालिकाध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा जिसमे आम मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुये सीधे पालिकाध्यक्ष का चुनाव कर सकेंगे। वर्तमान समय मे रायपुर के दीनदयाल उपाध्यय आडिटोरियम मे गत दिनो भाटापारा पालिकाध्यक्ष के लिये लॉटरी निकाला गया जिसमे सामान्य वर्ग के कोटे मे भाटापारा पालिकाध्यक्ष गया है इस क्रम के बाद नगर मे प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस की ओर से अनेक दावेदार सामने आ रहे है कांग्रेसी खेमे मे बुजुर्ग कांग्रेसी ईश्वर सिंग ठाकुर, सतीश अग्रवाल, बसंत भृगु, सुशील शर्मा, राधेश्याम शर्मा, आलोक मिश्रा, महेश अग्रवाल, अजीत बाजपाई सहित अनेक नेताओं के नाम उभरकर सामने आ रहे है वहीं भाजपा की ओर से पंडित राकेश तिवारी, भूपेशधर दीवान, गोविंद पटेल, सुनील यदू सहित मनीष मिश्रा व दिलीप छाबड़िया एवं राजा कामनानी के नाम पर विचार गंभीरता से चल रहा है फि लहाल दो पार्टियों ने अभी तक अपनी अधिकृत सूची उम्मीदवारो की जारी नहीं की है इसलिये किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है इसी प्रकार का क्रम वार्ड पार्षदो के लिये भी चल रहा है जिसमे 31 वार्डो से केवल हवा मे नाम अलग अलग लोगों के तैर रहे है वार्ड पार्षद के लिये भी कोई फ ायनल लिस्ट या सूची जारी नहीं की गई है। सोशल मिडिया पर लोग अपने अपने स्तर पर चुनाव लड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। बहरहाल नगर पालिका भाटापारा शहरी क्षेत्र मे मतदाताओं की भारी भरकम संख्या हो जाने से पालिकाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को जबरदस्त रूप से मैदान मे मेहनत करना होगा मौजूदा समय मे लगभग 54 हजार शहरी मतदाता हो गये है जो आगामी पालिकाध्यक्ष के साथ साथ अपने अपने वार्डो मे पार्षद चुनेंगे लोगों को बेसब्री से पालिका चुनाव के अधिकृत अधिसूचना जारी होने का इंतजार है।



# विश्वविद्यालय के कुलपति ने कृषि महाविद्यालय क्षेत्र का दौरा किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** स्थानीय दाउ कल्याण कृषि कालेज एवं अनुसंधान केन्द्र मे विश्वविद्यालय के कुलपति ने महाविद्यालय में भ्रमण करते हुये महाविद्यालय के कई नई इकाइयों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कुलपति ने महाविद्यालय परिसर में प्रजनक, आधार एवं प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम का अवलोकन किया। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान फसलों की उत्पादकता बढ़ाने एवं लक्ष्य आधारित नवीनतम किस्मों की बीज उत्पादन हेतु निर्देश दिये। इसके पश्चात स्मार्ट क्लास रूम, पी.जी. सस्य विज्ञान प्रयोगशाला, कैन्टीन, फील्ड लेबोरेटरी और टेक्नोलॉजी पार्क का लोकार्पण किया गया। साथ ही एक्सपेरिमेंटल फील्ड का भी भ्रमण कर सुधार हेतु दिशा निर्देश दिये। महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास रुम का अवलोकन करते हुये दूसरे महाविद्यालय की क्लासेज को भी लाइव कवर करने हेतु निर्देश दिये। प्रायोगिक पढाई के बारे में छात्रों से बात की स्किल डेवलवमेट कोर्स के अंतर्गत मशरूम उत्पादन के बारे में छात्रों से जानकारी ली एवं उन्हें प्रोत्साहित किया। टेक्नोलॉजी पार्क में प्रदर्शित इकाइयों का अवलोकन करते हुये इन्हें और उन्नत एवं क्रियाशील बनाने हेतु निर्देश दिये। महाविद्यालय के बालक छात्रावास का लोकार्पण एवं पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बालक छात्रावास में वाईफाई, सीसीटीवी एवं आटोमेटिक रोटी मेकर मशीन के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र के नवनिर्मित खाद बीज भवन एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया गया। खपराडीह बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का अवलोकन करते हुये वर्मीकम्पोस्ट इकाई एवं शेडवाश कलेक्शन इकाई का निरीक्षण किया। शपथ ग्रहण समारोह में छात्रसंघ द्वारा पूरी निष्ठा से छात्रों के हित के लिये काम करने की शपथ ली गई और छात्रसंघ अध्यक्ष द्वारा छात्रों के हित के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही अधिष्ठाता डॉ एच. एल. सोनबोइर, डॉ संजय शर्मा व डॉ अंगद सिंह राजपूत सहित महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# शिवरतन शर्मा ने पालिका में विभिन्न मशीनों का किया लोकार्पण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका प्रांगण मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने बुधवार को लगभग 02 करोड़ की लागत से आये विविध मशीनों का विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि हमारा लक्ष्य और ध्येय भाटापारा शहर को स्वच्छ सुंदर व समृद्ध बनाने का है इसके लिये जनता को हर वह सुविधा प्रदान किया जायेगा जिसके लिये प्रदेश की जनता ने डबल इंजन की सरकार को छत्तीसगढ मे राज्य संचालन का जिम्मेदारी सौंपा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे प्रयास निरंतर जारी रहेगा। जिसके तहत भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के भाटापारा पालिका मे करोड़ो रूपये के विकास कार्य कराये जा रहे है वहीं विधानसभा क्षेत्र के सिमगा नगर पंचायत को पालिका का दर्जा भी भाजपा सरकार की पहल से मिला है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि अब तक भाटापारा मे जितने भी विकास के काम हुये है वे सभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार मे हुये है। उन्होने कहा कि पिछले कांग्रेस कार्यकाल मे नगरीय निकाय मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कांग्रेस पालिकाध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह मे उपस्थित होकर शहर विकास के लिये पांच करोड़ रूपये देने की घोषणा की थी वह राशि कांग्रेस की सरकार उतरते तक प्राप्त नहीं हुई है जिससे लोग समझ सकते है कि कांग्रेसी ढकोसले बाजी मे अव्वल है उनके पास सिवाय झूठी घोषणा के कुछ भी नहीं है। शर्मा ने आगे कहा कि प्रदेश मे जब से विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व मे भाजपा की सरकार बैठी है तब से अब तक 13 करोड़ रूपये से अधिक की राशि भाटापारा नगर को विकास के लिये प्राप्त हो चुकी है इसके पहले भी भाजपा शासन काल मे भाटापारा मे नये जलटंकी निर्माण गौरवपथ, तालाब सौन्दर्यीकरण के साथ साथ अनेक विकास के सौगात प्राप्त हो चुके है कांग्रेसियो का विकास और क्षेत्र से कोई लेना देना नहीं रहा ये केवल फ ोटो खिचवाने व झूठी वाहवाही लूटने मे आगे रहे है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि आने वाले नगरीय निकाय चुनाव मे कांग्रेस को जनता सबक सिखायेगी और नगर पालिका मे भारी बहुमत से भाजपा प्रत्याशियों को विजय दिलाकर नगर विकास मे अपनी सहभागिता निभायेगी। उक्त अवसर पर सुनील यदु, व्यासनारायण यदु, आशीष जायसवाल के अलावा सुनील गुप्ता, सीएमओ जफ र खान व पालिका के गणमान्य अधिकारी कर्मचारी तथा नागरिक उपस्थित थे।

# भिलाई चरोदा निगम के उमदा वार्ड में फिर हटाया गया फेसिंग तार पोल

## अवैध प्लाटिंग पर निगम की टीम ने की प्रशासनिक कार्यवाही

संवाददाता दिलीप टण्डन



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई 3 चरोदा प्रशासन द्वारा अवैध प्लाटिंग करने वालो पर पैनी नजर रखी जा रही है। ऐसे में जहां कही भी निगम क्षेत्रांतर्गत इस तरह की सूचना प्राप्त हो रही है वहाँ पर निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया जा रहा है एक माह के भीतर वार्ड क्रमांक 06 उमदा में निगम द्वारा की गई ये दूसरी कार्यवाही रही। शुक्रवार दिनांक 17 जनवरी 2025 को एक बार फिर अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध चरोदा निगम की ओर से उमदा में लक्ष्मी मैरिज पैलेस के सामने लगाए गए मार्ग संरचना एवं फेसिंग तार को जेसीबी वाहन से जमीदोज कर दिया गया। कमिश्नर डीएसराजपूत द्वारा दिये गए निर्देशानुसार उप अभियंता मुकेश रात्रे एवं टीम के द्वारा आज की कार्यवाही को पूरा किया गया। इस दौरान टाईम कीपर भीषम वर्मा टाईम कीपर श्यामता साहू सहित जेसीबी चालक रेखराम वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इन्द्र साव से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया



**भाटापारा।** विधायक इंन्द्र साव इंन्द्र साव के उत्तर प्रदेश के प्रयागराज कुंभ मेला जाते वक्त सोनभद्र जिले के पास हुये सड़क दुर्घटना मे उनके घायल होने के बाद इंन्द्र साव को छत्तीसगढ राज्य की राजधानी रायपुर मे एक निजी हास्पिटल मे भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है इंन्द्र साव के दुर्घटना मे घायल होने की सूचना पर अनेक कांग्रेस नेता हास्पिटल पहुंच रहे है व साव के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना कर रहे है। इसी कड़ी मे मंगलवार को पूर्व कांग्रेस विधायक राजकमल सिंघानिया, मनीष सिंघानिया, हितेन्द्र ठाकुर, नितीन शुक्ला, महेश अग्रवाल, सरीफ खान, वैभव केशरवानी, पिंटू वर्मा, दिवाकर मिश्रा सहित अन्य लोग हास्पिटल पहुंचे व साव से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

### निहलानी दंपत्ति ने कलमीडीह स्कूल को गैस चूल्हा भेंट किया



**भाटापारा।** छत्तीसगढी छेर छेरा पर्व के अवसर पर नगर स्थित कंवर हास्पिटल के डायरेक्टर सुरेश निहलानी महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर सरला निहलानी एवं उनके पुत्र डाक्टर हर्ष निहलानी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कलमीडीह मे मध्यान्ह भेजन पकाने हेतु गैस चूल्हा उपहार स्वरूप भेंट किया गया उनके इस पुनीत कार्य की लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। उपरोक्त अवसर पर भुनवलाल साहू, दशरू सोनवानी, सरला कुर्रे व नीला साहू सहित स्कूल स्टाफ , शाला विकास समिति के सदस्य एवं बडी संख्या मे छात्र-छात्रा एवं पालक उपस्थित थे।

### कर्मचारियो के स्थानांतरण पर बिदाई दी गई



**भाटापारा।** कम्प्यूटर साइंस व्याख्याता अभिषेक देवांगन एवं सहायक ग्रेड 2 विरेन्द्र चैधरी के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन पॉलिटेक्नीक कालेज मे किया गया। उक्त कार्यक्रम मे प्राचार्य डॉ.आईसी भारती सहित सभी व्याख्याता व कालेज स्टाफ के लोग उपस्थित थे।

# भिलाई के कैटरिंग दुकान में आग, 6 सिलेंडर में ब्लास्ट

## ब्लास्ट के बाद और भड़की आग; लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

**संवाददाता दीपक त्रिपाठी**





**भिलाई।** शुक्रवार को यहां एक कैटरिंग दुकान में आग लग गई। ये आग एक सिलेंडर में ब्लास्ट से और भड़क गई। इस घटना में एक के बाद एक कुल 6 सिलेंडर फटे, इससे आसपास के क्षेत्र में भगदड़ मच गई। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

जानकारी के मुताबिक, भिलाई कैम्प 2 के बैंकुंठ धाम जेपी नगर चौक में महादेव कैटर्स नाम की दुकान है। यहां शाम करीब 6 बजे दुकान में रखे एलपीजी गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। आशंका जताई जा रही है कि इससे पहले शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी होगी। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

### 10 लाख रुपए से अधिक का सामान जलकर राख

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग की इतनी भीषण थी कि दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया।

कैटरिंग दुकान के मालिक गौरव केसरवानी ने बताया बताया कि दिल्ली से कैटरिंग का सामान मंगवाया था, जिसकी कीमत 10 लाख रुपए से ज्यादा थी। इस हादसे में सारा सामान जलकर राख हो गया।

### एक के बाद एक 6 सिलेंडर में हुआ धमाका

कैटरिंग दुकान के अंदर कुल 10 सिलेंडर थे, जिनमें से 6 सिलेंडर में धमाका हुआ। यह हादसा उस समय हुआ जब दुकान में काम चल रहा था, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्वाई की जा रही है।

राहत बचाव में जुटे दमकल कर्मी ने बताया कि जैसे ही कैटरिंग दुकान में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग लगने की सूचना मिली तो पहले एक फायरबिग्रेड की एक गाड़ी भेजी गई। जब पता चला कि कैटरिंग दुकान में 6 सिलेंडर में ब्लास्ट की खबर मिली तो दूसरी गाड़ी भी रवाना की गई।

जांच अधिकारियों का कहना है कि कैटरिंग दुकान में सिलेंडर में ब्लास्ट किस वजह से हुआ, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। जांच के बाद ही इसकी जानकारी मिल पाई पाएगी। वहीं कैटरिंग दुकान में ब्लास्ट के समय अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।




छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता


माननीय श्री रूपनारायण सिन्हा जी

को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं...

'क्रांतिरथ छत्तीसगढ़' परिवार


# वन एवं जलवायु मंत्री केदार कश्यप ने वन चेतना केन्द्र मनगट्टा में ट्री हाउस, मड हाउस, निर्माणाधीन स्टोन हाउस का किया निरीक्षण

## वन चेतना केन्द्र में कटहल और जामून का किया पौधा रोपण



**राजनांदगांव** । वन एवं जलवायु, परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज राजनांदगांव जिले के प्रवास के दौरान वन चेतना केन्द्र मनगट्टा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन चेतना केन्द्र में कटहल और जामुन का पौधा रोपण किया। वन मंत्री श्री कश्यप ने वनचेतना केंद्र मनगट्टा पहुंचने के बाद ट्री हाउस, मड हाउस, निर्माणाधीन स्टोन हाउस का निरीक्षण करने के बाद जीप में बैठकर बफरजोन का दौरा किया। उन्होंने रास्ते भर रूक-रूककर वन्य जीवों के संबंध में अधिकारियों से पूछताछ करते हुए चीतलों के आहार व स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वन चेतना केन्द्र के क्षेत्र, वन्यजीव और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। वन मंत्री ने मनगट्टा वन चेतना केन्द्र को पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा वन चेतना केन्द्र है।

इसे आकर्षक रूप से बनाने के लिए राज्य सरकार पूरा ध्यान दे रही है। वन चेतना केन्द्र में चीतल, पायथन जैसे जानवरों की मौजुदगी इसे विशेष बनाती है। यहां पर और कौन-कौन से वन्यजीव रख सकते हैं इसके लिए परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री वी श्रीनिवास राव, सीसीएफ वन्य प्राणी, सीएफ, डीएफओ श्री आयुष जैन, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in